सुप्रभात
रांची, मंगलवार
14.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 212

12 **एयरो शो :** स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट पर बजरंगबली : टेल पर लिखा- तूफान आ रहा है












वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



अज्ञात महिला का शव

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव तमाड़ थाना अन्तर्गत रडगाँवव काली मन्दिर के पास एन0एच0–33 में राँची टाटा–मुख्य मार्ग से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में तमाड थाना काण्ड सं0–92/22, दिनांक–3.11.22, धारा–304(A), भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। अगर अज्ञात महिला का शव के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे अंकित मोबाईल नं0 पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला का शव बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बुण्डू, राँची। – 9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, राँची। – 9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।

PR 290141 Police(22-23)D



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,रामगढ़
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555 (कार्यालय) ई–मेल : dc-ramgarh@gov.in

— :: आदेश :: —

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची का पत्रांक–01–नि०(वि०स०)–16–04/2023/324, राँची दिनांक 31/01/2023 से प्राप्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या– 100/पूर्व अनु०–1/झार०– वि.स./1/2023, दिनांक 31/01/2023 के द्वारा रामगढ़ जिलान्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिक्ति को भरने के प्रयोजन से अधिसूचना संख्या–50, दिनांक–31.01.2023 के द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2023 (सोमवार) को मतदान की तिथि निर्धारित है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना ज्ञापांक–15/सा०अव०–03–01/2023 का.– 747/राँची, दिनांक 08/02/2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23–रामगढ़ में विधान सभा उप चुनाव, 2023 के लिए मतदान की निर्धारित तिथि 27/02/2023 (दिन–सोमवार) को सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ख) के तहत् मतदान के दिन कर्मचारियों के अवकाश की मंजूरी के सम्बन्ध में निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना आवश्यक है : –

1. किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोक सभा या किसी राज्य के विधान सभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा।
2. धारा 35 (ख) की उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूरी किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामानतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर ना किये जाने की दशा में दी गयी होती।
3. यदि कोई नियोजक धारा 135 (ख) की उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के सम्बन्ध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

सभी सम्बन्धित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधानों का अक्षरंशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़

PR 290074 Election(22-23).D



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना -32/2022-23

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 20.02.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying and installation of Iron Removal Turbidity Removal, Carbon filtration Plant, improvement of W/S, S/I & Sewerage work & replacement of damaged C.P. fittings at Qtr.No. F-35, Sector-III, of Jharkhand Vidhan Sabha Pool quarter, HEC Campus Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 1009955 | 20200.00 | 2500.00 | 07 Days |
| 2. | Supplying and installation of Iron Removal, Turbidity Removal, Carbon filtration Plant & necessary water supply line and its allied work at Qtr.No. E-43, Sector-3 of Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarter, Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 539002 | 10800.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Female Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (Ground Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2052554 | 41100.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4. | Provision of water supply by construction of 3Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Premises area Police Academy Hazaribagh Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. Part-B | 2179473 | 43600.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 5. | Renovation of toilet cum toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings improvement of severage work and other allied work at judge staff Quarter No. 19 (Near Central School)under D.W.&S Division Ranchi,East Ranchi. | 2170969 | 43500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 6. | Seepage repair and renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S,S/I & sewerage work at MLA Residence Room No. 64, 65, 66 and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa,Ranchi. | 707675 | 15000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at male Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (Ground Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2052554 | 41100.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 8. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No A-1/2, A-5/6, A-9/10, A-23/24 and A-13/14 Seth Sita Ram school and others High court pool under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1785514 | 35800.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 9. | Improvement of Water Supply, replacement of damaged UPVC Pipe and fittings at Judicial Academy Jharkhand, Dhurwa and other places under D.W. and S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 624197 | 12500.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 10. | Seepage repair and renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S,S/I & sewerage work at MLA Residence Room No. 138, 139 & 153 and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa,Ranchi. | 658582 | 13400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 11. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Female Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (2nd Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1824195 | 36500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 12. | Replacement and Improvement of old and damaged sanitary fittings, damaged sewer line and other misc. works at Premises area of Fire Station Headquarter Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 762926 | 15300.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 13. | Raising of boundary wall with its repair of Government Circle office near mascot maidan under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1479624 | 29600.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 14. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Jharkhand Police Acadamy Hazaribag Near Mess no-4,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.(Part-2B) | 1949495 | 39000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 15. | Supplying all materials and labours for Cleaning of Sump ,RCC Over head water Tank, replacement of C.P. bathroom fittings, sanitary work at Jharkhand Vidhan Sabha main building and others under D.W.&S Division Ranchi East ,Ranchi. | 889963 | 17800.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 16. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at male Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (2nd Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1824195 | 36500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 17. | Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Swan Dasta Head Quarter, Hotwar Canel, Ranchi under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2406090 | 48200.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 18. | Provision of water supply by construction of 3Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Premises area JAPTC Padma Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. Part-A | 2179473 | 43600.00 | 5000.00 | 20 Days |
| 19. | Renovation of drainage system repair and replacement of broken pipe lines and other allied works of the campus of 30 Set near Rajendra Chowk, Doranda under D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi | 2082523 | 41700.00 | 5000.00 | 20 Days |
| 20. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Jharkhand Police Acadamy Hazaribag Near Mess no-4,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.(Part-2A) | 1949495 | 39000.00 | 5000.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची।

PR 290126 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)


## पथ निर्माण विभाग ने राशि आवंटन के लिए केंद्र को लिखा था पत्र

# झारखंड में 11 सड़क निर्माण के लिए केंद्र ने ₹786.59 करोड़ की दी मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 11 सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 786.59 करोड़ रूपए की मंजूरी दे दी है। बताते चलें कि झारखंड पथ निर्माण विभाग ने 20 अक्टूबर 2021 को इन सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र को पत्र लिखा था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। इन सड़कों के निर्माण से झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन सुलभ होगी।



### कहां-कहां बनेंगे सड़क और ब्रिज

अमरापाड़ा पाकुड़ बाजार रोड के बंसलोई रिवर में 2 किमी ब्रिज और ओर दुमका-साहेबगंज में लिंक रोड निर्माण : 8.33 करोड़ रुपये। मेजर डिस्ट्रिक रोड निर्माण के तहत दुआरी से रोल रोड हजारीबाग टू लेन सड़क निर्माण : 84.65 करोड़ रुपये। मेजर डिस्ट्रिक रोड निर्माण के तहत हजारीबाग में बानासो से बुडगाड्डा रोड निर्माण : 68.45 करोड़ रुपये। मेजर डिस्ट्रिक रोड निर्माण के तहत गुमला जिला में चैनपुर-महुआडांड से डुमरी तक सड़क निर्माण : 59.41 करोड़ रुपये। मेजर डिस्ट्रिक रोड निर्माण के तहत भुयिया सिनन से सुसनाई वियाहाथी खेड़ा रोड निर्माण : 73.51करोड़ रुपये। अदर डिस्ट्रिक रोड निर्माण के तहत फूलडुंगरी से बुरूडीह रोड निर्माण : 104.62 करोड़ रुपये। मेजर-अदर रोड निर्माण के तहत मनोहरपुर से एग्रीकल्चर कॉलेज बिहार बॉर्डर तक सड़क निर्माण : 20.62 करोड़ रुपये। मेजर-अदर रोड निर्माण के तहत जरमुंडी-बेलदाहा-निमनथा तक सड़क निर्माण : 221.32 करोड़ रुपये। अदर रोड निर्माण के तहत भगवान आदित्यनाथ टेंपल तक लिंक रोड निर्माण : 2.10 करोड़ रुपये। मेजर-अदर रोड निर्माण के तहत मोहम्मदगंज हैदरनगर से रानीदेवा रोड निर्माण : 62.42 करोड़ रुपये और मेजर-अदर रोड निर्माण के तहत कुटी मोड चैनपुर से हुटुल भाया रामगढ़ लोक हेड क्वार्टर तक सड़क निर्माण : 81. 13 करोड़ रुपये से किया जायेगा।

## जेल से बाहर निकली पूजा सिंघल, 4 फरवरी को किया था सरेंडर

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल सोमवार को न्यायिक हिरासत से बाहर आ गई। सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत के बाद रांची इडी की विशेष कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दूसरी बार अंतरिम जमानत दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मनरेगा घोटाला की आरोपी निलंबित आइएएस को इस शर्त पर बेल दी है कि वह अपनी जमानत अवधि के दौरान इडी के गवाहों पर दबाव नहीं बनाएंगी और केस से जुड़े किसी गवाह को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सख्त हिदायत दी है कि अपनी जमानत अवधि के दौरान वो इडी के गवाहों से दूर रहेंगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने अंतरिम जमानत के लिए यह भी शर्त रखी है कि इडी कोर्ट में सुनवाई के अलावा वो झारखंड नहीं जाएंगी।

## अधिवक्ता सुनील कुमार ने की है शिकायत

# एसीबी में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी पर आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायत

**रांची।** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले को लेकर अधिवक्ता सुनील कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो को एक आवेदन देकर शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व विधायक ममता देवी ने 2020 से 2022 के बीच 56.32 लाख रूपए की अवैध संपत्ति अर्जित की है। ममता देवी के आयकर रिटर्न के मुताबिक, विधायक बनने के बाद वित्त वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक तीन वर्षों में ममता देवी की कुल आय 21,26,010 की रही।

वर्ष 2019 के विधानसभा के दौरान ममता देवी ने 8,34,688.33 की चल संपत्ति और अचल संपत्ति शून्य की घोषणा की थी। वर्ष 2019 में घोषित संपत्ति और विधायक बनने के उपरांत अर्जित आय ममता देवी की कुल संपत्ति 29,60,698.33 रूपए की होती है। जबकि उनके भारतीय स्टेट बैंक के डोरंडा स्थित शाखा के बैक खाते 42,21,936 रूपए जमा हैं।

अधिवक्ता ने शिकायत में यह भी कहा है कि वष 2023 में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो द्वारा दाखिल शपथ पत्र के अनुसार ममता देवी ने पोटमदगा और लोटवा गांव में 9.66 लाख रूपए में 96.5 एकड़ जमीन खरीदी है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 15 लाख रूपए बताया गया है।

## हेसाग निवासी जुबैर आलम झामुमो का सदस्य नहीं : हेमलाल

**रांची।** सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला है कि हेसाग निवासी जुबैर आलम भी पार्टी का झंडा एवं सोशल मीडिया में गुरुजी और हेमंत सोरेन के फोटो का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी शिकायत बार बार जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के पास आ रहा है जबकि हेसाग निवासी जुबैर आलम को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के कारण 11 जून 2018 को ही तत्कालीन रांची महानगर संयोजक मंडल के सदस्यों द्वारा छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जा चुका है। जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अपनी हरकतों से बाज आएं और अपनी गाड़ी से झंडा उतार लें। साथ ही अपने सोशल मीडिया से गुरूजी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का फोटो हटा लें, नहीं तो पार्टी उनपर कानूनी कार्रवाई करेगी।

## खबर एक नजर में

### कोयला कारोबारी विनोद सिंह हत्याकांड के आरोपी रामाधीर सिंह को बेल के लिए करना होगा इंतजार

**रांची।** विनोद सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता बाहुबली रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर झारखंड होई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई के 28 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में हुई। रामाधीर सिंह की ओर से अधिवक्ता सूरज सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता नेहाला शर्मिन ने पक्ष रखा। इस समय रामधीर सिंह बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल होटवार, रांची में सजा काट रहे हैं।

### हाई कोर्ट में हाजिर हुए जमशेदपुर सिटी एसपी, जवाब पर संतुष्ट होकर याचिका खारिज की

**रांची।** अपने पिता को ढूंढ़ने को लेकर ज्योति पांडे की क्रिमिनल याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में सुनवाई के दौरान जमशेदपुर सिटी एसपी के विजयशंकर कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया कि मामले को लेकर एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एसआईटी का नेतृत्व वे खुद कर रहे हैं। पुलिस इस मामले में अनुसंधान जारी रखे हुए हैं। इसीलिए इस मामले में कोई आवश्यक दिशा– निर्देश की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने सिटी एसपी जमशेदपुर का पक्ष सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बता दें कि जमशेदपुर के ज्योति पांडे ने अपने पिता सुनील पांडे के गायब होने पर उनकी खोज को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से वंदना सिंह ने पैरवी की।

# कृषि उपज व विपणन विधेयक का विरोध जारी, कल से खाद्यान्न, फल, सब्जी की दुकानें बंद रखने की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में कृषि उपज और विपणन विधेयक को लेकर 15 फरवरी से खाद्यान्न बाजार बंद कर दिया जायेगा। सोमवार को इसकी जानकारी प्रशासन को दे दी गयी है। वहीं, व्यापारियों ने इसकी तैयारी भी कर ली है। पंद्रह फरवरी से खाद्यान्न व्यापार बंद होने से राज्य में खाद्यान्न संकट गंभीर हो सकता है। खाद्यान्न व्यापारियों को अलग अलग संघों का भी समर्थन मिल रहा है। अधिकांश संघों और संगठनों ने पंद्रह फरवरी से होने वाले बाजार बंद को समर्थन दिया है। समर्थन में फल सब्जी वालों से भी बाजार बंद रखने की घोषणा की है। पंद्रह फरवरी से होने वाले व्यापार बंद की जानकारी व्यापारी अब विधायकों को दें रहे है। इसमें बताया जा रहा है कि व्यापार बंद होने से खाद्यान्न संकट होगा।

वहीं, अगर सरकार विधेयक वापस नहीं लेती है तो राज्य में कृषि और खाद्यान्न व्यापार प्रभावित होगा। व्यापारियों का आंदोलन चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले किया जा रहा है। चैंबर की मानें तो सरकार और प्रशासन को व्यापार बंद करने की जानकारी दे दी गयी है। बंदी को अब दो दिन ही रह गये है। इसके बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। हालांकि, आंदोलन को देखते हुए व्यापारियों ने आवाक बदं करने की तैयारी पूरी कर ली है।

**किन किन संघों का समर्थन :** आलू प्याज थोक विक्रेता संघ, फल विक्रेता संघ, हरमू बाजार, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी ने बंद का समर्थन करते हुए पंद्रह फरवरी से बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है।

**एक सप्ताह से काला बिल्ला लगाकर काम :** राज्य सरकार ने दिसंबर में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बिल पास किया। जनवरी से व्यापारियों के बीच आंदोलन तेज हुआ।

वहीं, 8 फरवरी को व्यापारियों ने राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया, जिसमें निर्णय लिया गया कि पंद्रह फरवरी से खाद्यान्न व्यापार राज्य में बदं कर दिया जायेगा। इसमें छोटे दुकानदारों ने भी बंदी को समर्थन दिया। वहीं, छह फरवरी से ही राज्य के अलग अलग हिस्सों में व्यापारियों ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था, जहां व्यापारियों ने आठ फरवरी को मंडी बाजार को बंद भी रखा था। अलग अलग जिलों में समय समय पर राज्य सरकार के विरोध में प्रदर्शन भी जारी है।

# मानव तस्कर पन्नालाल की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने खारिज की

## मानव तस्करी समेत 16 मामलों में है आरोपी

**रांची।** हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने मानव तस्कर पन्नालाल महतो जमानत देने से इंकार कर दिया है। अदालत ने पन्नालाल की जमानत याचिका अस्वीकृत कर दी। अदालत ने माना कि पन्नालाल पर मानव तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। ऐसे गंभीर मामलों में आरोपी को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा सकती है। अदालत ने उसके सहयोगी गोपाल उरांव की भी जमानत याचिका खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने मानव तस्करी के आरोपी पन्नालाल पर दर्ज आपराधिक मामले की अद्यतन स्थिति पेश करने को कहा था। अदालत के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया कि पन्नालाल के खिलाफ खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सहित अन्य जगहों पर कुल 16 मामले दर्ज हैं। मानव तस्कर पन्नालाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड की गरीब लड़कियों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआइए ने 2020 में खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था। इस मामले में निचली अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए की अदालत में मामले में गवाही दर्जकी जा रही है। एनआइए की ओर से अबतक तीन गवाही करायी जा चुकी है। फरवरी में पन्नालाल के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिवशंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ अदालत ने आरोप गठन किया था।

## छह वर्ष के लिए निलंबित किये गये हैं आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव और साधु शरण गोप

# कांग्रेस से निलंबित नेता रायपुर महाधिवेशन में देंगे धरना, प्रदेश अध्यक्ष पर लगायी आरोपों की झड़ी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अनुशासनहीनता के आरोप झारखंड प्रदेश कांग्रेस से छह वर्ष के लिए निलंबित कांग्रेस के चारों नेता आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं साधु शरण गोप ने संयुक्त रूप से मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया। निलंबित नेता सोमवार को मीडिया से बात कर रहे थे।

**कांग्रेसी होने से कोई रोक नहीं सकता : आलोक दुबे**

निलंबित प्रदेश महासचिव आलोक दुबे ने कहा कि कोई उन्हें कांग्रेसी होने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन में वह जाएंगे और वहां धरना देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से कार्रवाई की अनुशंसा के बाद दिल्ली जाकर अपना पक्ष रखा था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दो वरिष्ठ नेताओं को पूरे मामले की जांच करने को भी कहा था। उन्होंने कहा कि दल के सर्वोच्च नेता के पास उनलोगों का मामला लंबित है और व्यक्तिगत खुन्नस की वजह से प्रदेश अध्यक्ष ने चार साथियों को दल से निकाला है।

### ओबीसी हूं इसलिए मुझे टारगेट किया: राजेश गुप्ता

निष्कासित प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह के द्वारा बनाये गए प्रदेश अध्यक्ष लगातार दल को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं। कैश कांड में जिन तीन विधायकों पर केस हुआ वह सभी उन वर्गों से आते हैं जो कांग्रेस के कोर वोटर हैं। मैं ओबीसी हूं इसलिए मुझे टारगेट किया गया है। यह सब जानबूझकर इसलिए किया जा रहा है कि कांग्रेस राज्य में कमजोर हो। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर दल छोड़ कर कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ा था, वह हमें अनुशासन का पाठ पढ़ायेगा। हम कांग्रेसी थे, कांग्रेसी हैं और कांग्रेसी ही रहेंगे।

### कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर बात रखेंगे : शाहदेव

वहीं कांग्रेस से निलंबित डेलीगेट्स मेम्बर किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि वह चुप नहीं बैठेंगे। इस मुद्दे पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलेंगे अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला प्रदेश कार्यालय के समक्ष फूंका, उसे पद देकर सम्मानित किया गया और हम लोग दल को मजबूत करने की बात कहते हैं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है। यह दशार्ता है कि आरपीएन सिंह के इशारे पर झारखंड कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार कर रहे हैं।

**क्या है मामला :** झारखंड कांग्रेस अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप में सात नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की थी। जिनमें से दो नेताओं को क्लीन चिट मिल गई थी, जबकि पांच नेताओं को दल से निष्कासित करने की अनुशंसा 08 जनवरी को की गई थी। जिन नेताओं को दल से बाहर करने की अनुशंसा की गई थी, उनमें प्रदेश महासचिव आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, प्रदेश सचिव साधु शरण गोप और सुनील सिंह के अलावा प्रदेश डेलीगेट्स मेम्बर लाल किशोर नाथ शाहदेव के नाम शामिल थे। दो अन्य अनुशासनहीनता के आरोपी राकेश तिवारी, अनिल ओझा के शोकॉज के आये जवाब से संतुष्ट होकर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने उन्हें क्लीन चिट दे दी थी।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
14.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 212




12 विमेंस प्रीमियर लीग नीलामी में स्मृति मंधाना रहीं सबसे महंगी

**B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR**
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### धनबाद में फिर लगी आग सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**धनबाद।** सोमवार को सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बिग बाजार मॉल के ऊपरी तल्ले में अचानक आग लग गयी। आग लगते ही हड़कंप मच गया। समय रहते कर्मियों ने सुझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। मॉल में रोजाना हजारों लोग कपड़ा, कॉस्मेटिक, जूते चप्पल आदि की खरीदारी करते हैं।

### पीएलएफआई के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग भी है। एसपी आर रामकुमार ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रवीण कुमार उर्फ दिलीप, रामप्रवेश कुमार सिंह और रांची नरकोपी सुनील कुमार साहू उर्फ मनोज (20) शामिल है।

### गिल बने जनवरी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** आइसीसी ने भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को जनवरी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी आंका है। आईसीसी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

भाजपा को महंगाई पहले डायन लगती थी, अब भौजाई : हेमंत

# मूलवासी-आदिवासी को उनका हक दे रही सरकार

### चतरा में खतियानी जोहार यात्रा में सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विपक्ष से लेकर केंद्र सरकार तक की खिंचाई की और जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती सरकार ने लोगों को और गरीब बना कर छोड़ दिया। वहीं केंद्र सरकार को महंगाई, बेरोजगारी अैर भ्रष्टाचार दिखता ही नहीं। पहले भाजपा को महंगाई डायन लगती थी पर अब आज भौजायी लगने लगी है। सीएम रविवार को चतरा में खतियानी जोहार यात्रा के तहत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य को हर क्षेत्र को बेहतर दिशा देने का काम में लगी हुई है। खास कर राज्य के मूलवासी-आदिवासी को उनका हक-अधिकार देना



सरकार का लक्ष्य है और इस दिशा में लगातार काम कर रही है। राज्य के किसानों की आय को बढ़ाने में सरकार लगी हुई है। सरकार का प्रयास है कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ हर हाल में मिले। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से आम व गरीब जनता को काफी लाभ मिल रहा है।

**किसानों की समृद्धि जरूरी :** सीएम ने कहा कि राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। पशुधन योजना से भी राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचा रही है। आमजनों के हित में भी सरकार ने कई योजनाएं बनायी हैं। बच्चियों की पढ़ाई पूरी हो इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। उच्चतर शिक्षा के लिए ऋण की व्यवस्था है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक एवं सरकारी कर्मचारियों को हमारी सरकार ने उनका हक और अधिकार देने का काम किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### वीरों की धरती रही है झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 वर्ष के बाद भी आज झारखंड विकास के पैमाने पर पिछड़ा है। इसका एकमात्र कारण है कि पूर्व में भाजपा की सरकार ने राज्य में विकास का नहीं सिर्फ लूटने का काम किया। वहीं हमारी सरकार विकास के मुद्दे पर हर क्षेत्र में बेहतर कर रही है। झारखंड वीर-शहीदों की धरती रही है। अलग राज्य और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे में मेरी सरकार का मुख्य उद्देश्य यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय को उनका हक तथा अधिकार देना था। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज चतरा स्थित काम कर रही है। जनता को इसका लाभ मिल रहा है। वे सरकार के कार्यों से खुश हैं।

# विधायक के इंजीनियर पुत्र ने की खुदकुशी

### इंद्रजीत महाथा के बड़े पुत्र थे विवेक, मेडिका अस्पताल में मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के सिल्ली इलाके में सिंदरी विधायक इंद्रजीत महाथा के बड़े पुत्र विवेक कुमार महाथा उर्फ विक्की (28) ने आत्महत्या कर ली। विवेक ने चितरपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई की थी। वह अपने किसी दोस्त के यहां मूरी आया हुआ था। विक्की ने रविवार की सुबह करीब दस जहर खा ली। सिल्ली में प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिका अस्पताल, रांची में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गयी।


फाईल फोटो

बताया जाता है कि पिता बीमारी और प्रतियोगी परीक्षा में विफल होने से वह तनाव में था। गौरतलब है कि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महाथा लंबे समय से बीमार चल रहे हैं और उनका इलाज हैदराबाद में चल रहा है। सीएम समेत सभी नेताओं ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। विवेक की मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी है। बेटे का आत्महत्या की खबर सुनते ही विधायक इंद्रजीत महाथा की पत्नी की तबीयत बिगड़ गयी है। परिजनों ने बताया कि जहर खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर विवेक को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ विजय मिश्रा की इलाज रहे थे। बताया जाता है कि उसने सल्फास की गोली खा ली थी। अस्पताल में लाने के दौरान विवेक बातचीत कर रहा था।

(शेष पेज 11 पर)

### त्रिपुरा में चंदा और झंडा को फिर रेड कार्ड : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने त्रिपुरा में विशाल जनसभा की। उन्होंने लेफ्ट और कांग्रेस पर हमला किया। त्रिपुरा के युवाओं, माता-बहनों ने चंदा-और झंडा कंपनी वालों को फिर से 'रेड कार्ड' दिखा दिया है। त्रिपुरा में राज्य के लोगों ने 'रेड सिग्नल' हटाकर 'डबल इंजन सरकार' चुन. इस बार भी वही होगा। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में आज कोई ऐसा परिवार नहीं है जिसकी भाजपा सरकार ने आगे बढ़कर सेवा ना की हो।

### अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की सुप्रीम कोर्ट कमेटी करेगी जांच


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अडाणी ग्रुप-हिंडनबर्ग मामले में एक्सपर्ट कमेटी बनाने को तैयार हो गयी है। कमेटी यह देखेगी की स्टॉक मार्केट के रेगुलेटरी मैकेनिज्म में फेरबदल की जरूरत है या नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट को सील बंद लिफाफे में कमेटी मेंबर्स के नाम देंगे। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट अडाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में पहली सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने 10 फरवरी को की थी। केंद्र ने सोमवार को प्रकरण के बाद नियामक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति के लिए सहमति व्यक्त की।

(शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जिला-स्तरीय समीक्षा बैठक

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
की अध्यक्षता में



जिला : चतरा और लातेहार
दिनांक : 14 फरवरी, 2023

PRNO 290224 (IPRD) 22-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## आरबीआइ का वित्तीय साक्षरता सप्ताह शुरू

# लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने की दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साइबर फ्रॉड से बचाव और वित्तीय लेनदेन की जानकारी लोगों को मिली। इसको लेकर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। 13 से 17 फरवरी तक आरबीआई वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनायेगी। इस दौरान लोगों को डिजिटल लेन देन और साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी जाएगी। वित्तीय साक्षरता सप्ताह की शुरूआत करते हुए सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा ने कहा कि साक्षरता सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने साइबर फ्रॉड की बढ़ रही घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि लोगों को वित्तीय लेन देन को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है। साइबर वित्तीय साक्षरता सप्ताह के संदेशों और थीम पर प्रकाश डालते हुए संजीव सिन्हा ने कहा कि आम जनता की हितों को ध्यान में रखकर इस तरह का कार्यक्रम बैंकों की ओर से आयोजित किया जाता है, ताकि लोगों को बैंकिंग व्यवस्था और वित्तीय लेनदेन की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इसको लेकर बैंकों को सचेत रहने की आवश्यकता है। साइबर फ्रॉड की रोकथाम को लेकर लाइडलाइन बनाये गए है। इसका अक्षरशः पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनजीओ की मदद लेकर बैंक ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्ति करें। संजीव सिन्हा ने 13 से 17 फरवरी तक चलनेवाले वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत भारतीय रिजर्व परिसर में स्कूली बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता के साथ साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए ब्लॉक स्तर पर लोगों को डिजिटल लेन देन की जानकारी दी जाएगी। गौरतलब हो कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह के पहले दिन सोमवार को विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित हुए। राजधानी के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप महाप्रबंधक नाबार्ड, बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक के पदाधिकारियों के साथ साथ झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष उपस्थित थे।



## पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**रांची।** राजधानी के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के सोदाग स्थित छुटिया जंगल में पेड़ से लटका एक युवती का शव बरामद हुआ है। शव मिलने की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवती के शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी।

युवती की हत्या कर उसे पेड़ पर लटका दिया गया है, या फिर उसने आत्महत्या की है। इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने सोमवार की सुबह जंगल में एक पेड़ पर युवती के शव को फांसी के फंदे के सहारे लटकते हुए देखा। जिसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बंदी उरांव के नाम पर इटकी रोड को हरमू से जोड़ने वाले पथ का नामकरण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रातू रोड एवं इटकी रोड को हरमू से जोड़ने वाले पथ का सोमवार को नामकरण किया गया। इस पथ का नाम बंदी उरांव पथ रखा गया। हेहल के निवासियों ने गाजे बाजे के साथ इस पथ का नामकरण किया और शिलापट्ट लगाया। मौके पर बड़ी संख्या में हेहल के निवासी और आदिवासी विकास परिषद के सदस्य मौजूद थे। लोगों ने स्व. बंदी उरांव को याद किया और उनकी पुलिस सेवा और राजनीतिक कार्यों को सराहा। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती गीताश्री उरांव, कैलाश सिंहदेव , घर्मशाही उरांव , सरण उरांव, नयनतारा उरांव, मुकेश उरांव, मनोज उरांव, धनी उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सुरेंद्र बंगाली की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** 90 के दशक में रांची में आतंक का दूसरा नाम कहे जाने वाला कुख्यात अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र बंगाली की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके। जिसके बाद अदालत ने इस केस की सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। सुरेंद्र बंगाली की ओर से अधिवक्ता लुकेश कुमार ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। रांची के लालपुर थाना से जुड़े कांड संख्या 31/ 1996 में निचली अदालत ने सुरेंद्र बंगाली को फांसी की सजा सुनाई है। सजा की अवधि को आधार बनाते हुए सुरेंद्र बंगाली ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल कर अदालत से गुहार लगाई है कि उसे रिहा किया जाए। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

## पंच दिनी रंग रंगीलो श्रीश्याम अमृत महोत्सव 28 से



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल का फागुन उत्सव 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 4 मार्च तक चलेगा श्री श्याम मित्र मंडल इस वर्ष अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है जो कि पिछले फागुन में प्रारंभ हुआ था। श्री श्याम मित्र मंडल का 51 वा स्थापना दिवस सह फागुन उत्सव हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास वातावरण में होने जा रहा है। उत्सव को लेकर वृहद रूप से पिछले एक महीना से तैयारियां चल रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को संयोजक मनोनीत करके विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में मंदिर स्थित कार्यालय में रोजाना महोत्सव संबंधित समीक्षा एवं तैयारियां हेतु बैठक चल रही है। इस पंच दिवसीय फागुन उत्सव में देश एवं स्थानीय विभिन्न कलाकारों को बुलाया गया है। पंच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव 28 फरवरी मंगलवार को श्री गणेश पूजन ध्वज स्थापना एवं 39 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रारंभ होगा ।

## अनगड़ा थाने में पदस्थापित एएसआई जख्मी

**रांची।** अनगड़ा थाना के एएसआई सहित तीन घायलरांची मुरी मार्ग में गोंदली पोखर बेरवाड़ी के समीप सोमवार की सुबह 11:00 बजे के करीब दो बाइक के बीच हुई टक्कर में अनगड़ा थाना के एएसआई मोहम्मद मुख्तार सहित तीन युवक घायल हो गए। अन्य घायलों में अनगड़ा थाना का चौकीदार सुरेंद्र मुंडा व सिल्ली थाना क्षेत्र के बंसिया धना मुंजी निवासी तुलसी प्रजापति शामिल है। बताया जा रहा कि मोहम्मद मुख्तार अपनी बाइक में सवार होकर गोंदली पोखर से रांची की ओर जा रहे थे। इसी बीच बेडवारी मोड़ के समीप तूरूप से गोंदली पोखर की ओर आ रहे हैं बाइक सवार तुलसी प्रजापति के साथ सीधी टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल मोहम्मद मुख्तार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है।

# फैज अहमद फैज की 113वीं जयंती मनी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कर्बला चौक स्थित माही कार्यालय में जलेस प्रगतिशील लेखक संघ, वन पलाश संयुक्त तत्वावधान में फैज अहमद फैज की 113वीं जयंती की पूर्व संध्या पर एक शाम फैज के नाम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अपराजिता मिश्रा, अमल आजाद, इबरार अहमद, प्रो अरुण कुमार, सुब्रतो चटर्जी, गुफरान अशरफी ने की।

प्रो अरूण ने कहा कि उनकी शायरी आज के संदर्भ को गहराई तक उकेरती है। सुब्रतो चटर्जी ने कहा कि बिना इश्क के इंकलाब बेमानी है और फैज की शायरी रूमानी इंकलाब की शायरी हैए जो दिलों में हलचल मचाती है। अपराजिता मिश्रा ने फैज की शायरी को समकालीन संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि प्रतिरोध को अपने अंदर जवान करना है तो फैज को स्मरण करना होगा। एमजेड खान ने कहा कि फैज की शायरी जीवन संघर्ष की शायरी है जो अंधेरे में रास्ता दिखाती है। इबरार अहमद ने फैज की शायरी को रूमानी इंकलाब की शायरी की संज्ञा दी। सुमेधा मलिक ने बोल के लब आजाद है गाकर श्रद्धांजलि दी और समा बांधा। कवियत्रि ऋतुराज वर्षा ने फैज को स्मरण करते हुए अपनी स्वरचित रचना याद न जाएं दिल से कैसे भूला बातें उनकी तरुणुम में सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रेणु बालाधर ने देशभक्ति और हिंदुस्तान पर गीत सुनाया। मो मोईन, मंजूर अहमद, गुफरान अशरफी, उजैर अहमद, अशीष ठाकुर आदि ने कविता पाठ किया।

## खबर एक नजर में

### अटल टिंकरिंग लैब मैराथन चैलेंज 2022 -2023 लॉन्च

**रांची।** अटल इनोवेशन मिशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए अटल टिंकरिंग लैब मैराथन चैलेंज 2022-23 लॉन्च किया गया है। इस मैराथन के पिछले संस्करण में अनेक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था, जिनमें से शीर्ष 350 को भारत की शीर्ष कंपनियों के साथ इंटर्नशिप के अवसर, एआईएम, नीति आयोग से पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्राप्त हुए थे। एटीएल मैराथन 2022-2023 के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2023 है। इस मैराथन की थीम इंडियाज जी20 प्रेसीडेंसी रखी गई है। शीर्ष टीमों को भारत के प्रमुख कॉर्पोरेट्स के साथ स्टूडेंट इनोवेटर प्रोग्राम एवं स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के माध्यम से इंटर्नशिप करने का अवसर प्राप्त होगा। एटीएल मैराथन के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार सामुदायिक समस्याओं की पहचान करते हैं और वर्किंग प्रोटोटाइप के रूप में नए समाधान विकसित करते हैं। यह जानकारी डीपीएस के प्राचार्य सह सीबीएसई के सिटी को-ऑडिनेटर डॉ राम सिंह ने दी।

### निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में डांस प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में सोमवार को डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के सभी कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की आराधना तथा गायत्री मंत्र के साथ की गई। इसके बाद वेस्टर्न रीजनल व बॉलीवुड डांस प्रतिभाओं का विभिन्न स्टाइल्स में बच्चों ने प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में एकल, युगल तथा ग्रुप डांस भी प्रस्तुत किया गया। इस पूरी प्रतियोगिता कक्षा प्री नर्सरी और नर्सरी के द्वारा प्रस्तुत डांस ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। निर्णायक के रूप में उपस्थित शिक्षिका कविता चौधरी, निधि कुमारी,अनीमा एका तथा जीनत परवीन थी, जिन्होंने सबसे ज्यादा अंक इसी गाने पर प्रस्तुत डांस को दिया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय ही वह स्थान है, जहां पर विद्यार्थियों के अंतर्निहित सभी प्रतिभाओं का विकास किया जाना चाहिए और हमारा विद्यालय इनकी सर्वांगीण विकास के लिए समर्पण भाव के साथ कार्य कर रही है। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि डांस प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास होने के साथ-साथ उनमें नई उर्जा का भी संचार होता है। विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी, शिक्षक- शिक्षिका एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में ऑक्सफोर्ड स्कूल के शिक्षक की मौत

रांची। रांची के ऑक्सफोर्ड स्कूल के शिक्षक की सड़क हादसे में मौत अनुमंडल के तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा एन एच-33 पर रविवार को देर रात करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक का नाम सुरेश प्रधान था जो ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया में शिक्षक हैं। वह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के गांव का निवासी था। इस बीच तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डोड़ेया मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार 'डिवोशनल फैन्सकेप्स' पुस्तक के प्रमुख आकर्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर निवासी पप्पू सरदार को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुस्तक 'डिवोशनल फैनस्केप्स' में प्रमुखता से जगह मिली है। ख्यातिप्राप्त लेखिका शालिनी कक्कड़ ने भारत की राजनीतिक संस्कृति को दशार्ने वाली अपनी इस नयी पुस्तक में बेबाकी से भारत की कई हस्तियों को जगह दी है। इस पुस्तक में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस तरह कोई फैन दीवानगी की हद पार करते हुए किसी की पूजा करते हुए उसे देवता का स्थान दे देता है। शालिनी कक्कड कहती हैं कि यह पुस्तक भक्तिमय प्रशंसक पप्पू सरदार पर केंद्रित है, जिन्होंने टाटानगर में बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित के लिए एक मंदिर बना दिया है। एक बॉलीवुड स्टार के लिए इस तरह मंदिर बनाने पर मैं समकालीन भारत में हिंदू मंदिर की पुनर्कल्पना पर सवाल उठा रही हूं। मैं सवाल उठा रही हूं मंदिर के दृश्यों, उसकी संरचना, स्थान विशेष यानी मंदिर और कार्यस्थल यानी पूजा स्थल पर कि कैसे पप्पू सरदार को अपनी बनायी प्रथाओं के साथ इस तरह की भक्ति करने की अनुमति कैसे मिल जाती है और वह हिंदू देवी दुर्गा के रूप में एक फिल्म स्टार की पूजा करने लगते हैं। वहीं, माधुरी दीक्षित के वन मैन फैन क्लब पप्पू सरदार ने किताब की सफलता का जश्न मनाते हैं। पप्पू कहते हैं कि वह उन सभी के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने माधुरी दीक्षित के लिए उनके जुनून में उनका साथ दिया।



वह उन भक्त प्रशंसकों में से एक होने को लेकर रोमांचित हैं कि इस कारण उन्हें पहचान मिली है। पप्पू-माधुरी कहानी को बेस्टसेलर में जगह मिली है। 423 पृष्ठ की यह पुस्तक लेक्सिंगटन बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई है और यह डिजिटल प्रारूप में भी उपलब्ध है। संस्करण अमेजन पर उपलब्ध है .... पप्पू सरदार ने यह भी कहा कि पुस्तक प्रकाशक से प्राप्त रॉयल्टी का उपयोग सामाजिक कार्यों में किया जाएगा।

# मूलभूत शैक्षणिक सुविधा छात्र छात्राओं का अधिकार : आजसू



### आजसू ने डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य से कई मांगों को लेकर मिला। आजसू ने नई बिल्डिंग को जल्द से जल्द चालू कर उसमें कक्षाएं सुचारू रूप से चलाने की मांग की गयी। कॉलेज कैंपस के आसपास या कैंपस के अंदर असामाजिक तत्व का प्रवेश पर पूर्णता प्रतिबंध लगाया जाये। कॉलेज में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू किया जाये। कॉलेज कैंपस में पुलिस पिकेट की व्यवस्था अभिलंब की जाये । कॉलेज में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू किया जाये। कॉलेज में अवकाश या किसी भी कारण से क्लास स्थगित होने की स्थिति में नोटिस 1 दिन पूर्व देने की मांग की गयी। डोरंडा कॉलेज के सचिव अमित तिर्की ने प्राचार्य को मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में बीएस महतो, अमित तिर्की, अंगद महतो, इम्तियाज अंसार, ऋषि कुमार, ऋषभ राज शकील अंसारी आदि उपस्थित थे।

### आरयू मास कॉम में राष्ट्रीय विमर्श जोहार शुरू



**रांची।** रांची विवि के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में मुख्य अतिथि कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को 5 दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श जोहार कार्यक्रम का आगाज किया। यह कार्यक्रम आरयू के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत मुबंई युनिवर्सिटी के केइएस श्राफ कॉलेज के आये छात्रों की टीम के साथ कराया जा रहा है। मास कॉम के उपनिदेशक डॉ. विष्णु चरण महतो ने कहा कि आज हमारे रांची विवि तथा मास कॉम विभाग के लिये यह गर्व एवं उपलब्धि का दिन है। वहीं, निदेशक प्रो. डॉ बीपी सिन्हा ने जोहार करते हुये विमर्श कार्यक्रम को छात्रों के लिए ज्ञानप्रद बताया। डॉ. आशीष रिछार्या ने कहा कि हम आरयू के साथ एक बहुत अच्छी शुरूआत कर रहे हैं और इस सहयोग से फिल्म तथा डॉक्युमेंट्री निर्माण में हम कुछ नया करेंगे। वीर कुंवर सिंह विवि आरा के पूर्व कुलपति डॉ. एसपी सिंह और दूरदर्शन के पूर्व निदेशक पीके झा ने भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के पहले दिन बीजू टोप्पो और मेघनाद की फिल्में सोहराई और गाड़ी लोहरदगा मेल दिखाई गयी। कार्यक्रम का संचालन मास कॉम की छात्रा अंशिता ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष्कुमार झा, डीएसडब्ल्यू डॉ. जी.एस झा, सीसीडीसी डॉ. पी.के झा, प्रॉक्टर डॉ. बी.आर झा, डिप्टी डायरेंक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, मुंबई से आये छात्रों शिक्षकों की टीम के अलावा आरयू मास कॉम, जेवियर कॉलेज आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

# बनारस की सिमरन ने साहिबगंज के विजय के साथ लिये सात फेरे

### फेसबुक से हुआ था प्यार

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज न्यायालय परिसर में वाराणसी की लड़की साहिबगंज के लड़के से शादी की बंधन में बंधी। इस दौरान लड़की के पिता व भाई, परिवार की दुहाई देकर घर चलने की मिन्नत करने में लगे रहे लेकिन लड़की अपने प्यार को झूठा साबित करना नहीं चाहती थी। लड़की ने कहा प्यार किया है कोई गुनाह नहीं किया। कहा उसने विजय से प्यार किया है, उसके साथ शादी की है और उसी के साथ जिंदगी भी गुजरेगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश के बनारस कोतवाली नाकी घाट, थाना जैतपुरा निवासी मो. फारुख की इकलौती बेटी सिमरन बीते 10 फरवरी को घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी उसके बाद वह लापता हो गई। उसके परिजनों ने मामले की लिखित शिकायत थाना जैतपुरा थाना में की। तकनीकी आधार छानबीन कर यह पता चला कि सिमरन झारखंड के साहिबगंज में है। इसके बाद इसकी सूचना इलाके के जीरवा बाड़ी ओपी पुलिस को दी थी। वहीं यूपी पुलिस एसआई जितेंद्र कुमार मौर्या की अगुवाई में साहिबगंज पहुंची थी। टीम के साथ एक महिला पुलिसकर्मी के अलावा सिमरन के परिजन भी शामिल थे। इधर ओपी पुलिस सोमवार की सुबह ओपी क्षेत्र अंतर्गत साहिबगंज हाट परिसर के समीप छापेमारी कर विजय कुमार दास और सिमरन को हिरासत में लेकर बयान दर्ज कराने को लेकर दोनों को साहिबगंज न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए सिमरन ने कहा कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से यहां आई है। उसने विजय से प्यार किया है, उनसे शादी कर ली है और उसी के साथ रहना चाहती है। न्यायालय के समक्ष बयान देने के बाद दोनों प्रेमी युगल को आगे की कार्रवाई के लिए जिरवा बाड़ी ओपी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## अंगिका समाज का होली मिलन समारोह 5 मार्च को

**रांची।** इस बार झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज अपना स्थापना दिवस सह होली मिलन समारोह भव्य रूप में आयोजित करेगा। यह निर्णय कार्यकारी अध्यक्ष मोहन रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिया गया। इस समारोह का कार्यक्रम स्थल डीएवी आर्या स्कूल, कमड़े होगा। इस अवसर पर कलाकारों के एक दल द्वारा क्षेत्रीय होली गीत पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुत करेगा। साथ ही, अंगिका के लब्ध प्रतिष्ठित कवियों की अंगिका कविता के रसास्वादन के आनन्द से सराबोर होने का अवसर मिलेगा।

# बीएयू में निर्यात के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को किसान उत्पादक संगठनों-कंपनियों और प्रगतिशील किसानों के लिए निर्यात आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि संकाय के डॉ एसके पाल ने कहा कि झारखंड से सुगंधित चावल, मोटे अनाज एवं उनके प्रसंस्कृत उत्पादए सब्जी, फल, फूल तथा गैर कास्ट वन उपज के निर्यात की काफी संभावनाएं हैं। इसके लिए कृषि निर्यात से जुड़ी सभी संस्थाओं को बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ काम करते हुए किसानों को आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना होगा। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार सीईओ महालिंगा शिवा ने कहा किएग्रो केमिकल्स के अंधाधुंध प्रयोग से मिप्ती एवं जल स्त्रोत तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण प्रदूषित हो रहे हैं। ओफाज राज्य के 24 में से 9 जिलों में सघनीकृत जैविक कृषि को बढ़ावा दे रहा है। कल्याण विभाग की संस्था झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी के अपर परियोजना निदेशक आशीष आनंद ने कहा कि सोसाइटी राज्य के 14 जिलों के 135 ट्राईबल सब प्लान प्रखंडों में जनजातीय किसानों की उपज एवं आमदनी बढ़ाने तथा जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के साथ.साथ कृषि उत्पादों का लाभकारी विपणन सुनिश्ति करनेए पोस्ट हार्वेस्ट नुकसान न्यूनतम करने के लिए कम लागत वाली प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने तथा सोलर आधारित शीतगृह बनाने पर जोर दिया। इंद्रजीत यादव, विकास कुमार, सचिन कुणाल, पूजा भारती, सुप्रभा मलिक ने कृषि निर्यात प्रोत्साहन संबंधी अपने-अपने संगठनों की योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा किसानों से उसका लाभ उठाने की अपील की। प्राध्यापक डॉ बसंत कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में रांची एवं हजारीबाग जिलों के लगभग 100 कृषि उत्पादक संगठनों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

### टीआरएल में मनय मुंडा का किया गया स्वागत

**रांची।** प्रोफेसर मनय मुंडा को स्नातकोत्तर मुंडारी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाये जाने पर सोमवार को स्वागत किया गया। संचालन डॉ बीरेन्द्र कुमार सोय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ किशोर सुरिन ने किया। डॉ उरांव ने कहा कि प्रो मनय मुंडा को मुंडारी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाए जाने से बौद्धिक जगत में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुंडारी विभाग के साथ साथ केन्द्र के अन्य भाषाओं के शैक्षणिक जगत में नई रोशनी जगमगाएगी। गौरतलब हो कि प्रो मुण्डा प्रो नलय राय का स्थान लेंगे जो 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं। मौके पर प्रो मनय मुण्डा ने अपने कई अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि आप जैसा काम करेंगे तो समाज में आपकी छवि वैसी ही बनेगी। मौके पर डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ सविता केशरी, बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ सरस्वती गगराई, डॉ दमयंती सिंकू, राजकुमार बास्के, प्रेम मुर्मू, शकुन्तला बेसरा, बीरेन्द्र उरांव, धीरज उरांव, करम सिंह मुंडा, रमाकांत महतो, डॉ उपेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# बैंकों के लाभ बढ़े

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सम्मिलित रूप से कुल 29,175 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो एक साल पहले की तुलना में 65 फीसदी अधिक है। सार्वजनिक बैंकों के अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही परिणामों के अनुसार, बीओएम का लाभ 139 फीसदी की जोरदार उछाल के साथ 775 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह इडट ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच सर्वाधिक लाभ वृद्धि दर्ज की है। कोलकाता स्थित यूको बैंक ने तीसरी तिमाही में 653 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। यह 110 फीसदी अधिक है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक भी तिमाही में 100 फीसदी से अधिक लाभ वृद्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। मुंबई स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 2,245 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 107 फीसदी अधिक है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक का भी लाभ 102 फीसदी बढ़कर 1,396 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों ने सम्मिलित रूप से कुल 29,175 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 17,729 करोड़ रुपये का था। इस तरह इन बैंकों के संयुक्त लाभ में 65 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में सार्वजनिक बैंकों ने 70,166 करोड़ रुपये का कुल लाभ अर्जित किया है जो एक साल पहले के 48,983 करोड़ रुपये की तुलना में 43 फीसदी अधिक है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 15,306 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था, जो सितंबर तिमाही में बढ़कर 25,685 करोड़ रुपये और दिसंबर तिमाही में 29,175 करोड़ रुपये हो गया।

# सही फैसला

केंद्र सरकार ने चीनी लिंक वाले सैकड़ों मोबाइल फोन ऐप पर प्रतिबंध लगाकर देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ किया है। जो इस बात का संकेत भी है कि हमारा निगरानी और नियामक तंत्र मजबूत हुआ है। यह कदम इस बात की आवश्यकता को दशार्ता है कि इस दिशा में आगे भी सजग रहने की जरूरत है। दरअसल, 138 सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले और 94 ऋण देने वाले ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इस बाबत मिली शिकायतों के बाद लिया गया। आरोप है कि इन ऐप के उपयोगकताओं से जबरन वसूली और उनके उत्पीड़न की शिकायत मिल रही थी। जहां एक ओर इन ऐपों के जरिये व्यक्तिगत डेटा में सेंधमारी की जा रही थी, वहीं ऋण वसूली के नाम पर आतंकित भी किया जाता रहा है। ये ऐप नियामक एजेंसियों की जांच के दायरे में थे। दरअसल, ऐसे ऐप्स के जरिये चीनी नागरिकों ने शातिराना अंदाज में अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए भारतीयों को परिचालन की जिम्मेदारी सौंप रखी थी। इनके भारतीय संचालक पैसे की जरूरत वाले लोगों को छोटे ऋण लेने को उकसाते थे और अप्रत्याशित रूप से ब्याज की ऊंची दरें वसूलते थे। इतना ही नहीं, कर्जदारों का मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिये ब्लैकमेल किया जाता था। इतना ही नहीं छेड़छाड़ करके बनायी गई तस्वीरों को कर्ज लेने वालों के रिश्तेदारों व परिचितों को भेजने की धमकी दी जाती थी। उन्हें भद्दे संदेश भी भेजे जा रहे थे। इन ऐप्स के संचालन से जुड़े भारतीय लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। निस्संदेह, भारत आज इंटरनेट के तमाम खिलाड़ियों और उससे जुड़ी नई तकनीक को बाजार में उतारने वाली संस्थाओं के लिए बड़ा बाजार है। ऑनलाइन लेन-देन साइबर अपराधों और उससे जुड़े सुरक्षा जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाता है।

# योग -भक्ति को सार्थक करते स्वामी निरंजनानंद

**विश्व के** पहले योग विश्वविद्यालय मुंगेर, और विश्व प्रसिद्ध झारखंड की तपोभूमि रखिया देवघर के स्वामी निरंजनानंद जी का आज जन्म दिवस है। स्वामीजी ने अपने गुरु स्वामी सत्यानंद द्वारा स्थापित मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय को श्रेष्ठ संस्थान बना दिया है। साथ ही रिखिया पीठ को उच्च स्थान पर बनाये रखा है। योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य के लिए पद्मविभूषण अलंकरण से भी सम्मानित किया जा चुका है।

बात 1956 की है। जब स्वामी निरंजनानंद के गुरु स्वामी सत्यानंद ऋषिकेश स्थित स्वामी शिवानंद के आश्रम मे रह रहे थे। उन्होंने स्वामी सत्यानंद को अपने पास बुलाया और कहा कि तुम्हारा जाने का समय आ गया है. जाओ। दुनिया में परिव्राजक की तरह घूमो. दुनिया को योग सिखाओ।

स्वामी सत्यानंद संसार के लिए निकले. 1963 तक परिव्राजक की तरह भ्रमण करते रहे। स्वामी सत्यानंद को बीस साल मिले और इस अवधि में दुनिया को सत्यानंद के जरिये योग मिला।

इन्हीं बीस सालों में मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई, जहां से निकल कर सत्यानंद पूरी दुनिया में जाते थे और पूरी दुनिया से लोग निकल कर बिहार योग विद्यालय पहुंचते थे। एक से एक प्रामाणिक, वैज्ञानिक योग ग्रंथों का प्रकाशन हुआ. बीसवीं सदी में योग का जो पुनर्जागरण होना था, बिहार योग विद्यालय उसका केंद्र बन गया और स्वामी सत्यानंद सूत्रधार।

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा महाद्वीप होगा, जहां स्वामी सत्यानंद ने योग का बीज न बोया हो। अरब से लेकर अमेरिका तक. अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक. स्वामी शिवानंद का परिव्राजक संन्यासी पूरी दुनिया में घूम घूमकर योग बीज बो रहा था, जो आगे चल कर पुष्पित और पल्लवित होनेवाला था।

लेकिन, एक तरफ जहां वे वर्तमान की सख्त जमीन पर योग बीज रोपित कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ वे भविष्य में इसके रखरखाव की योजना पर भी काम कर रहे थे, ताकि कोई फूल खिलने से पहले न कुम्हला जाये। यह कोई दस-बीस साल का मामला नहीं था। अब तो यह शताब्दियों का मामला है। एक पवित्र परंपरा के पुनर्जागरण काल में सिर्फ वर्तमान नहीं होता। उसका अपना एक भविष्य होता है और उस भविष्य की अपनी एक दैवीय योजना। चार साल के





- स्वामी मुक्तरथ

> छतीसगढ़ के राजनांदगांव में 14 फरवरी, 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवनदिशा उनके गुरु स्वामी सत्यांनद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और अध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद काम पर लगा दिया।

स्वामी निरंजन इसी दैवीय योजना का हिस्सा होकर बिहार स्कूल ऑफ योगा पहुंचे थे।

1964 बिहार स्कूल ऑफ योगा और स्वामी निरंजन दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साल है। इसी साल मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई और इसी साल चार साल के निरंजन योग विद्यालय में प्रविष्ट हुए। छतीसगढ़ के राजनांदगांव में 14 फरवरी, 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवनदिशा उनके गुरु स्वामी सत्यांनद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और अध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद काम पर लगा दिया। उन्हें विदेशों में योग केंद्रों की स्थापना करनी थी। जहां योग केंद्र स्थापित हो चुके थे, उनके संचालन को भी सुनिश्चित करना था। उन्हें न सिर्फ योग समझाना था, बल्कि दुनिया की विविध संस्कृतियों को समझना भी था। सांस्कृतिक एकता के यौगिक सूत्रों की खोज करनी थी। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक। वहां उन्होंने विशेष तौर पर ध्यान और प्राणायाम के क्षेत्र में अनुसंधान का काम अल्फा रिसर्च के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ जो कामिया के साथ काम किया।

सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया के ग्लैडमैन मेमोरियल सेंटर के जापानी डॉ टॉड मिकुरिया ने उन पर ध्यान संबधी शोध किये। जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, तो उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी। उन दिनों वे सिर्फ इन योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते थे, ताकि वे अपने स्कूलों मे लौट कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सकें। बाद में यह आंदोलन 'रिसर्च ऑन योगा इन एड्यूकेशन के नाम से पूरी दुनिया में फैल गया।

यूरोप में इस आंदोलन का सूत्रपात पेरिस की स्वामी योगभक्ति, कनाडा में स्वामी अरुंधती ने आरंभ किया गया. इस आंदोलन का नाम योगा एजुकेशन इन स्कूल रखा गया। परिणामस्वरूप यह उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके परिणामस्वरूप अनेक देशों की शिक्षा पद्धति में योग को शामिल किया गया। निरंजनानंद सरस्वती ने 1983 तक वह सब किया। 23 साल की उम्र तक जब तक कोई नौजवान काम करने के लिए घर से बाहर कदम रखता है, तब तक स्वामी निरंजन अपने हिस्से का एक बड़ा काम पूरा करके वापस लौट आये थे। अब उनके हिस्से आगे की जिम्मेदारियां आनेवाली थीं.

भारत लौटने के बाद उन्होंने बिहार योग विद्यालय को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा तक ले गये, लेकिन साथ ही साथ वे समूचे विश्व में स्वामी सत्यानंद के बीजारोपण की माली की तरह रखवाली भी करते रहे। वर्ष 1993 के विश्वयोग सम्मेलन के बाद गंगा दर्शन में बाल योग मित्र मंडल की स्थापना की गयी. इसका आरंभ मुंगेर के सात छोटे बच्चों से किया गया और आज मुंगेर शहर में ही बाल योग मित्र मंडल 5000 से अधिक प्रशिक्षित बच्चे योग शिक्षक हैं। मुंगेर में यह संख्या 35 हजार और पूरे भारत में 1,50000 हैं। इन बच्चों ने तीन आसनों, दो प्रणायामों,शिथिलीकरण एंव धारणा के एक-एक अभ्यास का चयन किया।

दरअसल स्वामी सत्यानंद सरस्वती का स्पष्ट दृष्टिकोण था कि यदि हम बच्चों तक पहुंच पाते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता और प्रतिभा में सुधार ला पाते हैं, तो वे अपनी रचनात्मकता का अधिकतम उपयोग कर अपने भावी जीवन के तनावों और संघर्षों का सामना बेहतर ढंग से कर पायेंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दो बार मुंगेर बच्चों के कार्यक्रम में आये. उन्होंने मुंगेर को योगनगरी की संज्ञा दी। **(लेखक सत्यानंदयोग मिशन रांची से जुड़ें हैं।)**

## खास बात

# दिव्यता की समझ

**मुरलीधर**

**नई** सहस्त्राब्दी धर्म और भक्ति के पुनर्जागरण को देखेगा। स्वामी निरंजनानंद जी का जीवन एक दृष्टांत है। भक्ति क्या है? स्कूल में हमने जाना कि अमेरिका के एक महान वैज्ञानिक का कहना है कि भक्ति का जैविक पदार्थों पर बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव है और उन्होंने इसे विभिन्न उपकरणों से मापा है। इसलिए आप भगवान से प्यार करें जैसे आप अपने परिवार से प्यार करते हैं। आप कहेंगे, यह लड़का पागल हो गया है! तो वह कहेगा, मैं पागल नहीं हूं, मैं विज्ञान पर बात कर रहा हूं! हमारे व्यक्तिगत जीवन के हिस्से के रूप में और दर्द से मुक्ति के साधन के रूप में भक्ति को फिर से परिभाषित करने का समय बहुत जल्द आने वाला है। दर्द से आदमी से पीड़ित है। यह सच है कि दर्द होता है, लेकिन मानव मन, चेतना और मानस में कई अन्य समस्याएं हैं। यदि आप इन सभी समस्याओं के लिए एक व्यक्तिगत इलाज की तलाश कर रहे थे, तो यह जीवन भर ले जाएगा। हालांकि, भक्ति में उन सभी के लिए एक आम इलाज है। इसलिए, आपको कीर्तन का अभ्यास करना चाहिए, सत्संग करना चाहिए और महान संतों के जीवन को पढ़ना चाहिए, वे जो भी हो सकते हैं - मीराबाई, रामकृष्ण, सेंट फ्रांसिस, अरबिंदो, अविला के सेंट टेरेसा या क्रॉस के जॉन। उदाहरण के लिए, सेंट थॉमस एक्विनास की शिक्षाओं को पढ़ें और बस उसी तरह जीने की कोशिश करें, लेकिन भक्ति को धर्म या संप्रदाय न बनाएं। यह विकसित होने में समय लगेगा क्योंकि बौद्धिक दिमाग दरार करने के लिए एक बहुत कठिन अखरोट है। इसलिए, एक भक्त को व्यर्थ चचाओं में नहीं पड़ना चाहिए। अरबिंदो ने कहा है, कारण सहायक था और कारण अवरोध है। आज्ञा का पालन तत्परतापूर्वक होना चाहिए। शिष्य को चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहिए कि अब गुरुजी मुझको कुछ बोलेंगे। जो व्यक्ति निठल्ला बैठकर आदेश की प्रतीक्षा करता रहता है, उस व्यक्ति का मन शैतान का घर हो जाता है। एक बार मन शैतान का घर हो गया, तब उस पर गुरु के आदेश का कोई असर नहीं पड़ता। योग विवि मुंगेर और रिखिया पीठ देवघर के क्रियाकलापों के सत्कम को नमन।

# गुरुओं की एकात्मता

## विचार-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**कई** बार लोग हमसे कहते हैं हमने स्वामी सत्यानन्द जी से दीक्षा ग्रहण की है, पर अब हम उनसे न मिल सकतें हैं , न ही कुछ पूछ सकते हैं` तो फिर हमारे गुरु कौन हैं, स्वामी शिवानन्द, स्वामी सत्यानन्द या स्वामी निरंजनानंद ? इस प्रकार की भ्रान्ति निराधार है, क्योंकि देखा जाए तो सभी गुरु एक दूसरे से जुड़े होते हैं। वो शारीरिक रुप से बेशक अलग दिखते हैं, परन्तु आध्यत्मिक स्तर पर वे एक होते हैं। इस एक्य के कारण उनके बीच आध्यात्मिक ऊर्जा का सम्प्रेषण होता हैं, जिसे हम समझ नही सकतें , क्योंकि हमने कभी इसका अनुभव नही किया` हम हर चीज को बुद्धि द्वारा ही समझ सकते हैं। हम किसी चीज को तभी समझ पाते है। किसी चीज को तभी समझ पाते हैं जब उसे शब्द के रूप में सुनते हैं, लेकिन जब आध्यात्मिक शक्ति का सम्प्रेषण होता है तब शब्द की आवश्यकता नहीं रहती है। कोई चीज हमरी ओर सम्प्रेषित होती और हम उसे स्वतःआत्मसात कर लेते है। गुरु के इस सम्प्रेषण के माध्यम से हर प्रकार का ज्ञान हमें उपलब्ध हो सकता है। चाहे वो ईसा मसीह से आए या राम से या कृष्ण या स्वामी सत्यानन्द से आए। बस हमें उस व्यक्ति पर पुरा विश्वास होना चाहिए। जिसे हमने आपना गुरु मान लिया है। आध्यात्मिक जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दीक्षा मन्त्र की होती है। यदि आपके पास मन्त्र है तो आपको अन्य किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है। आध्यात्मिक जीवन में मन्त्र एक अनिवार्यता है। ` चेतना के बिकास के लिए आपके पास सारी आबश्यकता पूरी होगी।

**आदरणीय** श्री सीपी राधाकृष्णन जी को झारखंड का राज्यपाल बनने पर ढेरों शुभकामनाएं।निश्चित रुप से राधाकृष्णन जी के लंबे राजनीतिक एवं संसदीय अनुभव का लाभ राज्य को मिलेगा। आपके कुशल मार्गदर्शन में भगवान बिरसा की धरती प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करे,ऐसी कामना करता हूं।

**–सुदेश महतो, आजसू, सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

**झारखण्ड** के नव नियुक्त राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन जी को राज्य की जनता की ओर से अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखण्ड की वीर भूमि पर आपका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

**–हेमंत सोरेन**





**यज्ञ** की पवित्र आहुति के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जन्म-जयंती के शुभारंभ का सौभाग्य मिला।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की चिंता किसे?




## लेटर टू एडिटर

### सत्ता मोह का रोग

**चुनावी** मौसम में राजनीति में दल बदल एक असाधारण स्थिति बनती जा रही है। सत्तर के दशक से शुरू हुआ यह रोग आज राजनीतिक नासूर बन गया है। कब, कौन, कहां पलटी मारेगा- कहना बड़ा मुश्किल है। कौन किसको कोसेगा, हमाम में सारे नंगे हैं। सवाल उठता है कि यह खेल कब तक चलेगा? क्या यह राजनीति की नियति बन गई है?

**–हर्ष वर्द्धन, हजारीबाग**

### सकारात्मक हो सोच

**गणतंत्र** दिवस पर देश में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित करने की परंपरा रही है। इस बार भी कई नामचीन हस्तियों को उनके कला कौशल के लिए सम्मानित किया गया। कई बार लेकिन कुछ कलाकारों ने सम्मान ठुकरा कर उसका अपमान किया बल्कि अपनी संकीर्ण सोच को भी जाहिर किया है। पुरस्कार कला अथवा योग्यता का सम्मान है, इसे ठुकराना न चाहिए। **–अमृत, रांची**

# आखिर वैलेंटाइन डे की वैश्विक स्तर पर महता क्यों बढ़ती जा रही है ?

**विजय केसरी**

**आज 14** फरवरी को पूरी दुनिया के प्रेमी - प्रेमिकाएं 'वैलेंटाइन डे' मनाती नजर आ रही है। आखिर वैलेंटाइन डे के अंदर ऐसी कौन सी बात निहित है, कि देश की सीमाओं को लांघते हुए वैश्विक स्तर पर इसकी महता धीरे-धीरे बढ़ती चली जा रही है ? प्रेमी - प्रेमिका इस डे का इंतजार महीनों पूर्व से करते देखे जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैलेंटाइन डे को किसी भी तरह की कोई मान्यता नहीं प्रदान की गई है। ना ही कोई देश इस दिवस की घोषणा की है। इसके बावजूद पूरी दुनिया वैलेंटाइन डे के रंग में रंगती चली जा रही है। 14 फरवरी को दुनिया भर के प्रेमी - प्रेमिका एक दूसरे को लाल गुलाब देकर अपने प्रेम का इजहार करते हैं। प्रेमी - प्रेमिका, सदा - सदा के लिए एक दूसरे का हो जाने का वचन देते हैं।

वैलेंटाइन डे की कथा बड़ी रोचक व दिलचस्प है। रोम की बराहवीं शताब्दी की यह कथा एक तरह से वैश्विक स्तर पर प्रेमी - प्रेमिका को जोड़कर रख दिया है।

रोम के तानाशाह व क्रूर शासक क्लॉडियस अपनी सेना को मजबूत बनाकर राज्य का विस्तार करना चाहते थे। इस निमित्त उन्हें एक विशाल सेना की जरूरत थी। लेकिन रोम के नागरिक सेना में भर्ती नहीं होना चाहते थे। यह देखकर रोम के शासक क्लॉडियस ने यह पता लगाने की कोशिश की कि आखिर रोम के नागरिक सेना में क्यों भर्ती नहीं होना चाहते ? उन्हें जानकारी हुई कि रोम के नागरिक शादी - विवाह कर परिवार में

## समाज

मशगूल हो जाते। और इसीलिए वे सेना में भर्ती नहीं होना चाहते। तब रोम के क्रूर शासक क्लॉडियस ने एक राज्यादेश जारी किया था। इस राज्यादेश के तहत रोम के कोई भी नागरिक शादी नहीं कर सकते थे। अगर जो लोग इस राज्यादेश का पालन नहीं करेंगे तो उन्हें मौत की सजा दे दी जाएगी। विवाह पर सख्त पाबंदी लग जाने से रोम में अंदर ही अंदर इसका विरोध होने लगा था। लेकिन कोई भी इस राज्यादेश के खिलाफ सामने नहीं आया। शादियां पूरी तरह रुक गई थी। इसी दरमियान एक प्रेमी - प्रेमिका शादी करने के लिए संत वैलेंटाइन के पास आए थे। संत वैलेंटाइन ने उन दोनों की शादी करवा दी थी। यह खबर रोम के क्रूर शासक क्लॉडियस के पास पहुंची। उन्होंने अपने सिपाहियों से संत वैलेंटाइन को गिरफ्तार करवाया। 14 फरवरी को आज के ही दिन संत वैलेंटाइन को फांसी की सजा दे दी गई थी। यह खबर आग की तरह पूरे रोम में फैल गई थी।

संत वैलेंटाइन बहुत ही पवित्र आत्मा थे। उन्होंने कहा था कि 'प्रेमी - प्रेमिका का मिलन प्रकृति के नियमानुसार है। इस पर रोक लगाना महापाप है'। संपूर्ण रोमवासियों ने संत वैलेंटाइन की शहादत को बहुत ही ऊंचा स्थान दिया। रोम के क्रूर शासक क्लॉडियस के गुजर जाने के बाद यह दिन 'प्रेम दिवस' के दिन के रूप में मनाया जाने लगा।

प्रेमी - प्रेमिका संत वैलेंटाइन की शहादत को अमर बनाने के लिए 14 फरवरी को एक दूसरे को लाल गुलाब देकर प्रेम का इजहार करने लगे। धीरे धीरे कर यह परंपरा रोम से निकलकर पूरी दुनिया में फैल गई। क्या प्रेम पर पाबंदी कभी लगाया जा सकता है ? प्रेम ईश्वर का अनुपम वरदान है। प्रेम लोगों के जीवन को उत्कृष्ट बनाता है।

प्रेम से लोगों के मन जीता जा सकता है। यह प्रेम की सार्थकता है कि प्रेम टूटे दिलों को जोड़ता है। प्रेम जीवन में ऊर्जा भरता है। प्रेम लोगों के जीवन में एक नई स्फूर्ति को पैदा करता है। जीवन जीने की कला को बताता है। प्रेम के बिना जीवन किस काम का है ? प्रेम है तो परिवार है। प्रेम है तो समाज है। प्रेम है तो देश है। प्रेम है तो विश्व है। प्रेम के हट जाने मात्र से स्थितियां प्रतिकूल हो जाती है।

# प्यार शब्द को कलंकित करने का अपराध किसने किया?



**किक्की सिंह**

प्यार... प्यार और प्यार .प्यार के नाम पर सारे घिणोने कृत्य करके आज के युवाओं ने प्यार शब्द को ही कलंकित और पाप का आभारी बना दिया है. प्यार सिर्फ शरीर से नहीं अपने प्रेमी की रूह , उसकी जिंदगी ,उसका वर्तमान ,उसका भविष्य उसकी सुरक्षा और उसकी सुख दुख और उसकी संपूर्ण जीवन के हर एक हिस्से से होता है. यहां तो प्यार सिर्फ शरीर से होता है और यह शरीर भी कुछ महीनों तक इस्तेमाल होने के बाद आकर्षण हीन होकर अपना वजूद खो बैठता है.

वह लड़के दुनिया के सबसे गिरे हुए होते हैं जो सभी सीमाओं को लांघने के बाद लड़कियों को यह कह कर छोड़ देते हैं की घरवाले नहीं मान रहे. परिवार वालों से यह जाकर क्यों नहीं पूछा कि क्या मैं उस लड़की के साथ जाकर सो जाऊं. बस यही आज्ञाकारी और भरोसे का खेल और लड़कियों की कम दिमाग हरकतें शादी का झांसा देकर यौन शोषण की जंग का रूप ले कुछ ही महीनों में थाने से कोर्ट तक का सफर तय कर लेती है. कोई भी लड़की प्यार और भरोसे के नाम पर बिस्तर पर सिर्फ अपने शरीर को ही नहीं बल्कि अपने पूरे खानदान की इज्जत और मान मयार्दा को रख देती है. क्या मां-बाप और परिवार वालों ने इन बेटियों को इतने नाजो से पालकर बड़ा इसलिए किया था ताकि वे

## समाज

आगे चलकर किसी पराए लड़के के लिए अपने आप को बिस्तर पर सजा दें.

जिस तरह एक लड़की के नाम रोशन होने से पूरे कुल का नाम रोशन होता है .उसी तरह किसी लड़के के लिए बिस्तर पर जाकर वह अपने खानदान की मयार्दा को पूरी तरह तहस-नहस कर देती है .

इतिहास गवाह है हमारी भारत की वीरांगनाओं ने अपनी इज्जत की रक्षा के लिए जीते जी अग्नि कुंड में छलांग लगाकर जौहर कर लिया था. इस पवित्रता को कायम रखने वाली जोहर की अग्नि में वृद्ध महिलाओं से लेकर नन्हें-नन्हें दूधमुंही बच्चियां तक शामिल थी। जिन्हें यह तक पता नहीं था की जोहर होता क्या है। जरा सोचिए उन मांओं पर क्या बीती होगी जो अपने साथ अपनी नन्ही सी जान को लेकर इस जोहर के कुंड में समाई होंगी, उनके लिए कितना कठिन होता होगा अपनी आंखों के सामने अपने अबोध बच्ची को जलकर मरते हुए देखना।

जोहर का उद्देश्य सिर्फ अपनी इज्जत की रक्षा करना नहीं था बल्कि मृत्यु के बाद भी दुश्मनों से अपने मृत शरीर की लाज की रक्षा करना था। यही प्रमुख कारण था कि वे जीते जी अग्नि कुंड में कूद कर अपने शरीर को राह कर लेती थी।, हद तो तब हो जाती है जब प्यार और भरोसा टुकड़ों में तब्दील होकर या तो फ्रिज में पाई जाती है या फिर आवारा पशुओं के मुंह में निवाला बनकर. गलती युवाओं की नहीं बल्कि भारत में दिए गए मोहब्बत पर आधारित प्रसिद्ध उदाहरणों की है. अगर प्रेम का उदाहरण किसी को बनाना ही था तो रामसेतु को क्यों नहीं बनाया गया. दैवीय शक्ति होने के बावजूद भी भगवान श्रीराम ने इसके निर्माण के लिए धरती ,समुंद्र से लेकर आसमान तक के भांति भांति के जीवो की मदद ली। अपने सामर्थ्य अनुसार सेतु निर्माण में अतुलनीय भूमिका निभाई, ना किसी पर जुल्म हुआ और ना किसी का रक्त बहा रवरी का यह वैलेंटाइन डे तो हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा ही नहीं .क्या सच्ची मोहब्बत किसी एक विशेष दिन और सप्ताह की मोहताज है .अगर ,हां तो वह प्यार ही नहीं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुघर्टना में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के बसरिया मोड़ समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। रविवार देर रात उनकी बाइक एक खड़ी हाइवा से टकरा गयी थी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। टंडवा के बनहे गांव निवासी संजय कुमार एवं केवल उर्फ झगडू कुमार ने मैच खेलकर बाईक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान ये हादसा हुआ। सुबह होते ही ग्रामीणों ने बसरिया मोड़ समीप नौकरी मुआवजा को लेकर सड़क को जाम कर दिया गया था।

## बंदर के हमले में बच्ची कुएं में गिरी, हुई मौत

**कोडरमा।** थाना अंतर्गत न्यू कॉलोनी निवासी रणधीर कुमार की 8 माह की बच्ची की कुआं में गिरने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रविवार शाम बच्ची एक अन्य बच्ची के साथ खेल रही थी। इसी दौरान बंदरों ने अचानक हमला कर दिया। घबराकर भागने के क्रम में वह कुएं में गिर गयी। खबर लगते ही लोगों ने दोनों को कुआं से निकाला, एक तो बच गयी पर दूसरे ने दम तोड़ दिया।

## पुत्र की गुमशुदगी को लेकर मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के नावाडीह टू निवासी चुरामन सिंह ने थाने में आवेदन देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उनका पुत्र सत्येंद्र सिंह पिछले 10 दिनों से लापता है। वह सिकंदराबाद में काम करता था। 31 जनवरी को उसने फोन पर बताया था की तीन फरवरी को उसका घर आने का टिकट है, तीन फरवरी को भी उससे बात हुई थी।

## लीज एरिया हजारीबाग में और खनन कोडरमा में

**चंदवारा (कोडरमा)।** कोडरमा-हजारीबाग जिला केंद्र सीमा पर बसे चौपारण प्रखंड के भटबिगहा गांव में पत्थर खनन में लगे कारोबारी नदी की धार को मोड़कर लीज एरिया से बाहर जाकर अवैध खनन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिला अंतर्गत भटबिगहा गांव में विकास घमिनरल्स नाम से पत्थर खदान माइंस की लीज आवंटित है। लीजधारी कोडरमा जिला केंद्र थाम पंचायत के थाम सीमा सटे हुए गैरमजरुआ जमीन, जिसका खाता न-127, प्लाट न-5249, 4613, 4610 थाना न-317 केंद्र लगभग दो एकड़ जमीन पर बेखौफ पत्थर खनन कर रहे हैं।

## भव्य कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ शुरू

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रामनगर सियारी गांव में आयोजित पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ के कलश यात्रा सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा में जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर यज्ञ समिति के सम्मानित सदस्यों ने उनका स्वागत अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर किया। भव्य कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल धर्ममय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव का जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। कलश पूजन के बाद मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसका जल गिद्धौर के बड़की नदी से उठाकर पूरे पंचायत भ्रमण कर कलश स्थापन किया गया। इस पावन अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक देवचरण दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, महादेव दांगी समेत सैकड़ों भक्त जन शामिल मौजूद थे।

## प्रॉमिस डे पर प्रेमिका को मौत की सौगात

**गढ़वा।** प्रॉमिस डे के मौके पर किशोरी की निर्मम हत्या कर दी गयी। उसके निजी अंगों को भी जला डाला गया है। हत्या करने के बाद आरोपी फरार है। मामला गढ़वा जिला के केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत अजनिया का है। किशोरी का शव खेत में मिला। बताया जाता है कि मृतका और आरोपी के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन दिन पूर्व आरोपी ने फेसबुक पर किशोरी की तस्वीर अपलोड की थी। परिजनों ने इसका विरोध किया था। मृतका के परिजनो का कहना है कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि इसका हश्र इतना बुरा होगा। किशोरी पूरे टोले में चहेती थी। थानेदार संतोष कुमार रवि ने कहा कि नाबालिग की नृशंस हत्या हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# स्कूल में शिक्षा के साथ साथ जो संस्कार दी जा रही है, वह काफी सराहनीय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश

### इस तरह के आयोजन से बच्चों को नए उत्साह व प्रेरणा की अनुभूति होती है : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल परिसर में मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा झुमरीतिलैया के सौजन्य से 12 फरवरी को ग्रैंड बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 से भी अधिक बच्चों व उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश कोडरमा विरेन्द्र कुमार तिवारी, स्कूल के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसिमे, सुनिता सेठ, शुभा कपसिमे, सीईओ प्रकाश गुप्ता, बचपन एवं ग्रिजली विद्यालय, उपनिदेशिका, ग्रिजली बीएड कॉलेज डा0 संजीता कुमारी, प्राचार्य, ग्रिजली बीएड कॉलेज प्रो. बीसी स्वैन, प्राचार्या ग्रिजली विद्यालय अपर्णा सिन्हा, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या नीरजा, प्रेसिडेंट लेडिस क्लब सैनिक स्कूल तिलैया रश्मी शकलानी, वाइस प्रेसिडेंट लेडिस क्लब सैनिक स्कूल तिलैया श्वेता विश्वकर्मा, मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की प्रेसिडेंट श्रेया केडिया, सेक्रेटरी नेहा हिसारिया, ट्रेसरार ममता बंसल, संजय अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, निशा गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से की गयी। बचपन प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने स्वागत भाषण में स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा बेबी शो के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति से जोड़ना भी है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद्गार साबित होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान यूकेजी के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने वेलकम तथा नर्सरी के बच्चों ने स्कूल चलें हम की धुन पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

इसके पश्चात् एलकेजी के बच्चों के द्वारा रेट्रो डांस, 'एक दन्ताय, वक्रतुडांय' की धुन पर योगा, 'चक लें दे' की धुन पर जूडो, रोबोटिक्स एवं 'यादों की बारात' की धुन पर डांस की शानदार प्रस्तुती हुयी।

वहीं अभिभावक कोमल पुजारा ने बचपन स्कूल के अनुभव को व्यक्त करते हुए कहा बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। इस स्कूल की पढ़ाने की तकनीक अद्भुत है। पांच से आठ साल तक के बच्चों के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियां दी।

बचपन प्ले स्कूल में ग्रैंड बेबी शो का आयोजन



## आइपीएल की तर्ज पर डोमचांच प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के महामुकाबले का आगाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोंच के बैनर तले सोमवार को डोमचांच प्रीमीयर लीग का किया गया। उद्घाटन मैच डोमचांच डायमंड व टफकोन एक्स टी जयनगर के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख, शांति प्रिया, राजकुमार मेहता, पप्पू मेहता मौजूद रहे। वहीं अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। तत्पश्चात खेल का उद्घाटन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं जयनगर की टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। वहीं डोमचांच डायमंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 162 रन बनाई। जबकि जवाबी पारी खेलते हुए जयनगर टफकोन की टीम 132 रनों पर सिमट गई।

जिससे डोमचांच डायमंड की टीम 30 रनों से मैच को अपने नाम कर लिया। मैच में मैन ऑफ द मैच शशि कुमार रहे। बताते चलें कि यह टूर्नामेंट आईपीएल के तर्ज पर खेला जा रहा है, जिसमें सभी टीमों का अपना-अपना स्पॉन्सर है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा, जबकि उप-विजेता टीम को 25 हजार का पुरष्कार दिया जाएगा।

## 21 छात्र-छात्राओं को कैनवास जापान पेंटिंग प्रतियोगिता में मिली सफलता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 छात्र-छात्राओं को कैनवास जापान पेंटिंग प्रतियोगिता में सफलता मिली है। इसमें 3 छात्रों को आउट स्टैंडिंग परफर्मेंस के लिए मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। जबकि अन्य विजेताओं को भी सर्टिफिकेट दिया गया है। सोमवार को स्कूल कैंपस में निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सफल बच्चों में दीक्षा रानी सिंह, समृद्धि सिंह, दिव्यंका बक्शी, आकांक्षा कुमारी, आयुषी कुमारी, किशन कुमार, विशाल आनंद, एमडी फरहान, अनुष्का प्रगति, आयुषी कुमारी, ऋषिका कुमारी, सृष्टि मिश्रा, मुस्कान कुमारी, आयुष कुमार, परी कुमारी, रिद्धिमा, अर्चना कुमारी, अभिनव कुमार, वंदना रानी, प्रिया श्रीवास्तव और पुलकित कुमार सोनी के नाम शामिल हैं। इसमें पुलकित कुमार सोनी और अभिनव कुमार समेत तीन बच्चों को आउट स्टैंडिंग परफर्मेंस के लिए मेडल भी दिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका का भव्य स्वागत

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित न्यू कॉलोनी में संचालित राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी पहुंची। वहीं तीरंदाज दीपिका के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह, निदेशिका सम्पा सिंह एवं शिक्षक-शिक्षकाओं ने उनका स्वागत किया।

## रेलवे स्टेशन पर नशे की हालत में एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा।** स्टेशन के टिकट रिजर्वेशन काउंटर के समीप रविवार की रात शराब के नशे में पहुंचे एक युवक की अचानक मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक शराब के नशे में टिकट काउंटर के समीप पहुंचा था। इस दौरान वह अचानक गिर गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

## जिले में 15 फरवरी से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी शुरू

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखण्ड चौंबर ऑफ कॉमर्स के आहवाहन पर 15 फरवरी से बाजार समिति में 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाये जाने के विरोध में जिले की खाद्यान्न दुकानों के साथ-साथ फल, आलू, प्याज की प्रतिष्ठान अनिश्चितकालीन बंद रहेगें। इधर सोमवार को झुमरीतिलैया के माहुरी भवन में व्यवसायियों की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के फलावर मिल एवं राइस मिल के साथ-साथ थोक एवं खुदरा की खाद्यान्न दुकानें बंद रहेगी और जब तक सरकार कृषि बिल वापस नहीं लेगी तब तक प्रतिष्ठानों में ताले लटके रहेंगे।

## विद्यालय में रजत जयंती बड़े धूमधाम से मना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** भारती उच्च विद्यालय नावाडीह ने अपने 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का उद्घघाटन मरकच्चो प्रमुख विजय कुमार सिंह, नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजन्ती देवी, देवीपुर मुखिया बेदु साव व विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक महाबीर प्रसाद वर्मा ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव मौजूद थे।

## बंधुआ स्टेशन के समीप मालगाड़ी की तीन बोगी हुई बेपटरी

**कोडरमा।** धनबाद भाया कोडरमा-गया रेलखंड के बंधुआ स्टेशन के समीप सोमवार को एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस दुर्घटना में मालगाड़ी के तीन बोगी बेपटरी हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मालगाड़ी बंधुआ रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी तभी मालगाड़ी के पीछे के तीन डिब्बे का हिस्सा कटकर अलग हो गया और ट्रेन बेपटरी हो गई। इस दुर्घटना के बाद ट्रेनों का परिचालन थोड़े समय के लिए प्रभावित रहा, जिसके बाद रेलवे विभाग के अधिकारियों के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन को मुख्य लाइन के बगल से हटाया गया। जिसके बाद मुख्य लाइन पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे के वरीय अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं, घटना सोमवार की दोपहर 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंगी गांव के पुल के समीप रविवार की रात करीब 1 बजे सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुए हैं। मिली जनकरी के अनुसार बलेनो कार संख्या जेएच02एवाई/9800 जो महतो आहार से चौपारण की ओर जा रही थी, तभी जोंगी गांव के पुल के समीप चालक ने अपना नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में कुल तीन लोग सवार थे, जिसमें दो व्यक्ति की मौत व एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव पिता निर्मल यादव, त्रिलोकी महतो पिता खेहर महतो, वही घायल उपेंद्र यादव पिता निर्मल यादव सभी ग्राम पेटुला थाना चौपारण जिला हजारीबाग निवासी के रूप में किया गया। वहीं चंदवारा पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया, जबकि घायल का इलाज चल रहा है।

## प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**कोडरमा।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में जिले के सरकारी विद्यालयों की छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन हो, इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से प्रोजेक्ट रेल 20 के माध्यम से जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का गणित एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य, कला से अंग्रेजी विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्री बोर्ड परीक्षा दो पालियों में आयोजित किया गया।

## पांच महीने से गुम युवक नहीं लौटा घर

**कांडी।** प्रखंड के कांडी गांव निवासी वीरेंद्र पासवान का 17 वर्षीय पुत्र पुनपुन पासवान पांच महीने पहले गुम हो गया था। वह आज तक घर वापस नहीं लौटा है। घर में माता पिता सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुनपुन के पिता ने बताया कि वह घर से काम करने को लेकर बाहर जाने के लिए निकला था। अंतिम बार मुझे मालूम चला था कि वह एक सितंबर 2022 को विजयवाड़ा पहुंच गया है। उसके बाद से आज तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पिता ने बताया कि हम सभी अपने स्तर से बहुत खोजबीन किया लेकिन अपने बेटे का पता नहीं लगा सके।

# अपनी मांगो को लेकर डोलोमाइट खदान के मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन



रैली में शामिल मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** इंटक (त्रिपाठी गुट) यूनियन के बैनर तले भवनाथपुर के डोलोमाइट खदान के मजदूरों एवं विस्थापितों द्वारा अपनी मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के गेट के पास किया गया। धरना प्रदर्शन से पूर्व रेलवे साइडिंग मजदूर एकत्रित हो कर हजारों की संख्या में रैली निकालते हुए टाउनशिप गोलंबर चौक पर सभा किया। रैली में विस्थापित एवं मजदूरों ने जमकर सेल प्रबांन के विरुद्ध नारेबाजी किया। मौके पर इंटक जिला अयक्ष सुशील कुमार चौबे ने कहा कि मजदूरों एवं विस्थापितों को सेल प्रबांन द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है। जिससे यूनियन कभी भी बर्दाष्त नहीं करेगा। कहा कि जब तक मजदूरों एवं विस्थापितों को न्याय सेल प्रबांन द्वारा नहीं मिलता है तब तक लड़ाई जारी रहेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान सेल के प्रशानिक भवन में झारखंड सरकार के प्रतिनिाि बीडीओ जयपाल महतो, सेल जिएम मनोज कुमार, आिकारी विजय राम, ब्लू ढ्रिल, भगवान पनिगृही, एवं इंटक यूनियन के जिला अयक्ष सुशील चौबे, प्रदेश अयक्ष प्रदीप शर्मा, नंदलाल पाठक, शम्भू राम, रामपति देवी के बीच चार घंटे तक मैराथन वार्ता के बावजूद निष्कर्ष नहीं निकला। सेल जीएम मनोज कुमार ने वरीय आिकारियों के निर्देश बाद ही मांगो को मानने की बात कही। जिसके लिए कुछ समय मांगा। जहां पर इंटक यूनियन के सुशील चौबे ने 15 दिनों का समय देते हुए कहा कि अगर हमलोगों की मांग नही मानी जाती है, तो इस बार की लड़ाई में सेल आिकारियों का आवास का घेराव की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदेवी सेल प्रबांन की होगी। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि मजदूरों की मांगों से उच्च आिकारी को अवगत कराई जाएगी। धरना प्रदर्शन में इंस्पेक्टर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी शातिष महतो, केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, खरौंाी थाना प्रभारी अभय कुमार, सहित महिला एवं पुरूष पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मुष्तैद थे। कार्यक्रम की अयक्षता कांग्रेस के प्रखण्ड अयक्ष सह सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक एवं संचालन दीपक जायसवाल ने किया। मौके पर इंटक के प्रदेश अयक्ष प्रदीप शर्मा, जितेंद्र पाठक, जितेंद्र चौबे, र्मिन्द्र गुप्ता, बिरेन्द्र साह, रामलखन राम, शानी राम, शम्भू राम, बाला यादव, र्मिन्द्र राउत, पिंटू देवी, रामपति देवी, लालती देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

राजसात वाद संख्या- 05/2023

नोटिस

बनाम्

1. दीलीप कुमार सिंह, पिता-हरिशंकर सिंह, सा0-लालू चौंक ईसाक, गुमटी नं0-12, जग, जिला-भागलपुर (बिहार)
2. दीलीप कुमार सिंह, पिता-हरिशंकर सिंह, सा0-कसियाडीह, थाना-टंडवा, जिला-चतरा।
3. महावीर साव, पिता-धनु साव, सा0-तेलियाडीह खदैया, जिला- चतरा।
4. रामवृक्ष साव, पिता-चमन साव, सा0-केरेडारी, मकान नं0-43, जिला-हजारीबाग।
5. राजेश कुमार साव, पिता-अमीर साव, सा0-केरेडारी, मकान नं0-43, जिला-हजारीबाग। :- प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में 1. हाईवा रजि0 नं0- BR10GB-2699, 2. हाईवा रजि0 नं0-JH13H-4805, 3. हाईवा रजि0 नं0- JH02BA-6412, 4. हाईवा रजि0 नं0- JH02AK-3990, 5. हाईवा रजि0 नं0- OD09P-3618 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 10.02.2023 को की गयी जिसमें आपलोग अनुपस्थित पाये गये।

अतएव अंतिम रूप से आपलागों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.03.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 290090 District(22-23).D



**झारखंड सरकार**
**झारखंड भू-संपदा नियामक प्राधिकार,**
सातवां तल्ला, रॉंची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, रॉंची- 834001

**आवश्यक सूचना**

सूचना सं0-JHARERA/IT/Show Cause-11/2022- 92रॉंची, दिनांक- 13.02.2023

सभी बिल्डर/डेवलपर्स/प्रोमोटर को सूचित किया जाता है कि जिस Project के निबंधन की अवधि समाप्त हो गयी है उसका Occupancy Certificate समर्पित करें। यदि Project Ongoing है तो संबंधित ULB में Extension हेतु आवेदन करें।

Online से संबंधित Project में Online ही Occupancy Certificate जमा करें या Extension के लिए आवेदन करें।

Offline से निबंधित Project सर्वप्रथम Offline से Online में समर्पित करें तत्पश्चात् उपरोक्त अन्य प्रकियाओं का पालन करें।

Occupancy Certificate समर्पित नहीं करने की स्थिति में प्राधिकार के द्वारा स्वतः संज्ञान में लाकर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

Occupancy Certificate समर्पित नहीं करने वालों की सूची इस प्रकार है:-

**Non Submission of Occupancy Certificate (Online) (8-02-2023)**

| S.No. | Project Name | Registration No. |
|---|---|---|
| 1. | SRI RAM CITY WALK | JHARERA/PROJECT/1201/2020 |
| 2. | SAVITA RESIDENCY | JHARERA/PROJECT/7/2021 |
| 3. | MITTAL SHANTI TOWER | JHARERA/PROJECT/1203/2020 |
| 4. | SHANTINIKETAN | JHARERA/PROJECT/1204/2020 |
| 5. | SHIVALAYA APARTMENT | JHARERA/PROJECT/1205/2020 |
| 6. | VRIDHI APARTMENT | JHARERA/PROJECT/1206/2020 |
| 7. | JANA COMPLEX | JHARERA/PROJECT/1211/2020 |
| 8. | BINDA HIEGHTS | JHARERA/PROJECT/1212/2020 |
| 9. | SRI BALAJI ATUL TOWER | JHARERA/PROJECT/1218/2020 |
| 10. | ANITA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/1221/2020 |
| 11. | JAISHIV APARTMENT | JHARERA/PROJECT/1220/2020 |
| 12. | SHRI KRISHNA REGENCY BLOCK B | JHARERA/PROJECT/1222/2020 |
| 13. | Ranchi Smart City | JHARERA/PROJECT/1223/2020 |
| 14. | ANNAPURNA HEIGHTS | JHARERA/PROJECT/1225/2020 |
| 15. | GREEN HEIGHTS | JHARERA/PROJECT/1226/2020 |
| 16. | S S TRADE CENTRE | JHARERA/PROJECT/1230/2020 |
| 17. | SULAKSHNA BY MAURYA HOMES | JHARERA/PROJECT/8/2021 |
| 18. | GULAB APARTMENT | JHARERA/PROJECT/5/2021 |
| 19. | RESIDENCY PALACE | JHARERA/PROJECT/9/2021 |
| 20. | AARYA ATULYAM | JHARERA/PROJECT/15/2021 |
| 21. | CHANDRA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/27/2021 |
| 22. | PRATIBHA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/26/2021 |
| 23. | OMKARA RESIDENCY | JHARERA/PROJECT/30/2021 |
| 24. | SUSHILA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/31/2021 |
| 25. | PARAM JYOTI TOWER | JHARERA/PROJECT/33/2021 |
| 26. | RAMESHWARAM BLOCK-A | JHARERA/PROJECT/38/2021 |
| 27. | TRIVENI KAUSHAL GARDEN | JHARERA/PROJECT/43/2021 |
| 28. | AMRENDRA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/41/2021 |
| 29. | 48 SQUARE | JHARERA/PROJECT/39/2021 |
| 30. | ORIENTAL GARDEN | JHARERA/PROJECT/44/2021 |
| 31. | WELCOME TOWER 3 | JHARERA/PROJECT/46/2021 |
| 32. | ORIENTAL GREEN PARK | JHARERA/PROJECT/45/2021 |
| 33. | PARWAT ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/58/2021 |
| 34. | SILVER HEIGHTS | JHARERA/PROJECT/61/2021 |
| 35. | PARWATI TOWER | JHARERA/PROJECT/60/2021 |
| 36. | MEERA ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/75/2021 |
| 37. | SHIV SAI VATIKA | JHARERA/PROJECT/76/2021 |
| 38. | SAMPAT PALACE | JHARERA/PROJECT/77/2021 |
| 39. | AYUSH ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/85/2021 |
| 40. | MADHAVAS VRINDA | JHARERA/PROJECT/89/2021 |
| 41. | BRAJ-MADHURI RESIDENCY | JHARERA/PROJECT/90/2021 |
| 42. | PITAMBER APARTMENT | JHARERA/PROJECT/93/2021 |
| 43. | GOVIND APARTMENT | JHARERA/PROJECT/92/2021 |
| 44. | SAMBHAV GALAXY BLOCK A & BLOCK B | JHARERA/PROJECT/99/2021 |
| 45. | SAI RESIDENCY | JHARERA/PROJECT/108/2021 |
| 46. | MAHESH TOWER | JHARERA/PROJECT/110/2021 |
| 47. | MAJESTIC MAA LAXMI APARTMENT | JHARERA/PROJECT/111/2021 |
| 48. | RAMA APPARTMENT | JHARERA/PROJECT/123/2021 |
| 49. | YASHODA TOWER | JHARERA/PROJECT/127/2021 |
| 50. | RAMA DINESH | JHARERA/PROJECT/133/2021 |
| 51. | ROSE VILLA | JHARERA/PROJECT/136/2021 |
| 52. | LAIBA GREEN GARDEN BLOCK " C " | JHARERA/PROJECT/137/2021 |
| 53. | SHREE RAM JANKI VATIKA | JHARERA/PROJECT/141/2021 |
| 54. | JAYANTI ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/152/2021 |
| 55. | JASMINE | JHARERA/PROJECT/155/2021 |
| 56. | MAGNOLIA | JHARERA/PROJECT/156/2021 |
| 57. | ORANGE EMPIRE | JHARERA/PROJECT/166/2021 |
| 58. | LA DOLCE VITA | JHARERA/PROJECT/167/2021 |
| 59. | ELITE HEIGHTS | JHARERA/PROJECT/14/2022 |
| 60. | KRISHNA KUNJ | JHARERA/PROJECT/28/2022 |
| 61. | BALESHWARI TOWER | JHARERA/PROJECT/30/2022 |
| 62. | SANTOSH PRABHA HERITAGE | JHARERA/PROJECT/49/2022 |
| 63. | VISHRAM RESIDENCY | JHARERA/PROJECT/77/2022 |
| 64. | AARYA SRIJAN | JHARERA/PROJECT/104/2022 |
| 65. | SUNRISE APPARTMENT | JHARERA/PROJECT/125/2022 |
| 66. | RENU SHREE ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/187/2022 |
| 67. | AL MALIK SHOPPING CENTER MALL | JHARERA/PROJECT/189/2022 |
| 68. | SHRI KANHAIYA HOUSING PRIVATE LIMITED | JHARERA/PROJECT/191/2022 |
| 69. | BHAGWATI AWAS | JHARERA/PROJECT/1/2023 |
| 70. | DREAM TOWER | JHARERA/PROJECT/29/2023 |
| 71. | V & V ENCLAVE | JHARERA/PROJECT/46/2023 |

ह0/-
(नीरज कुमार श्रीवास्तव),
विशेष कार्य पदाधिकारी, झारेरा।

PR 290144 (Jharkhand Real Estate Regulatory Authority) 22-23 (D)



**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

राजसात वाद संख्या- 04/2023

नोटिस

बनाम्

नगरमल, पे0-गुदर राम,
सा0- क्रेजी कूल, डेली मार्केट, प्लॉट नं0-209 थाना-सुंदरगढ़,
जिला-राउलकेला (उड़ीसा) :- प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार द्वारा उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में हाईवा रजि0 नं0-OD14U-1391 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 10.02.2023 को की गयी जिसमें आप अनुपस्थित पाये गये।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.03.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 290087 District(22-23)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0-14/22 के अभियुक्त सरवर अंसारी पिता मो0 सिराजुदीन अंसारी सा0 कुरहत करैया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त सरवर अंसारी पिता मो0 सिराजुदीन अंसारी सा0 कुरहत करैया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :- 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :- 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 290110 Police(22-23)#D

### खतियानी जोहार यात्रा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे लातेहार, देर शाम तक किया निरीक्षण, दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे है लातेहार

# आज लातेहार में जिले वासियों को सीएम देंगे कई सौगात

➲ पहली बार मुख्यमंत्री करेंगे रात्री विश्राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा का तीसरा चरण सोमवार से लातेहार जिले में शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दो दिवसीय दौरे को लेकर लातेहार पहुंचे। लातेहार सदर प्रखंड स्थित उदयपुरा में बनाए गए हेलीपैड मैं मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरा जिसके पश्चात जिलाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किये। सीएम के आगमन पर झामुमो कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया। पारंपरिक नृत्य के साथ मुख्यमंत्री का जोहार, स्वागत किया गया। बता दें कि पहली बार मुख्यमंत्री लातेहार में रात्री विश्राम करेंगे। लगभग साम 5:00 बजे मुख्यमंत्री पहुंचे लातेहार जिसके बाद लातेहार खेल मैदान के समीप राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय तथा आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किए। विद्यालय के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को पुस्तक देकर स्वागत किया तथा मुख्यमंत्री द्वारा विद्यालय के छात्राओं को पुस्तक बांटा गया। छात्रावास निरीक्षण के दौरान आदिवासी बालक छात्रावास के छात्राओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि हम छात्राओं को छात्रावास तक आने-जाने के लिए पक्की सड़क बनवाया जाय एवं बेंच डेक्स उपलब्ध कराया जाए। जिसे लेकर मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को आश्वासन दिया गया की सभी तरह की सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। लातेहार समाहरणालय परिसर में स्थित फूलों झानो दीदी कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया वही कैंटीन में उपस्थित महिलाओं ने आरती एवं तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उनके द्वारा लातेहार सदर अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया जहां पर कार्यरत कर्मियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हम सभी कर्मी बालाजी एनजीओ के अंतर्गत कार्यरत है एनजीओ के द्वारा हमें वेतन काट कर बहुत कम पैसा दिया जाता है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री ने लातेहार उपायुक्त को जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया है। इसके बाद लातेहार परिसदन भवन में बारी-बारी से अपने कार्यकताओं से मुलाकात की एवं जिले के विकास को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला सचिव शमुशुल होदा, बिस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दूबे इसके अलावे पलामू आईजी राज कुमार लकड़ा, लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, सितमोहन मुंडा, शुभम गिरी, सुमन सनिल सोरेंग, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडेय, विलासी तोपनो, मनोज चौधरी, सुनिल शौण्डिक समेत कई लोग उपस्थित थे।



लातेहार सदर अस्पताल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।


विद्यालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।


समाहरणालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री ।

## खातियानी जोहार यात्रा में बरवाडीह से शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता: प्रिंस गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार में आज 14 फरवरी को होने वाले राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खातियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखण्ड से सैकड़ो वाहनों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस बरवाडीह प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने बताया कि माननीय सीएम महोदय के आगमन और उनके स्वागत को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। श्री गुप्ता ने कहा कि जिलेवासियों और हम सभी कार्यकताओं के लिए यह सौभाग्य की बात है कि राज्य के मुखिया महागठबंधन के सभी कार्यकताओं के साथ-साथ आम लोगों से सीधा संवाद करने के लिए खातियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में लातेहार की धरती पर आ रहे है। मुख्यमंत्री जिले वासियों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलेवासियों का उत्साह चरम पर है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों से कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं दूर दराज के कार्यकताओं के लिए वाहनों की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। मंगलवार को 100 वाहनों के काफिले के साथ बरवाडीह से हजारों कार्यकर्ता लातेहार के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि लातेहार में खातियानी जोहार यात्रा ऐतिहासिक होगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, सुरेश मिश्रा, दीपू तिवारी, अवधेश मेहरा, हिमांशु गुप्ता और संजीव सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित नेता।

### आज सीएम देंगे डिग्री व महिला कॉलेज की सौगात

लातेहार मुख्यालय में डिग्री व महिला कॉलेज के भवन का लोकार्पण 14 फरवरी को होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लातेहार में प्रस्तावित खतियानी जोहार यात्रा के दौरान इन भवनों का लोकार्पण करेंगे। अगले सत्र से इन महाविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बता दें कि विधायक बैद्यनाथ राम लातेहार डिग्री व महिला कॉलेज खोलने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहे हैं। लातेहार जिला मुख्यालय में मॉडल डिग्री व महिला कॉलेज खुल जाने से स्थानीय छात्र व छात्राओं का काफी सहुलियत होगी। इसके अलावे प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन, बहुद्देशीय भवन का किया जायेगा उद्घाटन। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए वे प्रारंभ से ही प्रयासरत रहे है। लातेहार एक पिछड़ा जिला है, जहां छात्र-छात्राओं की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं। कॉलेज खुलने से छात्र यहीं रह कर पढ़ाई कर सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### बाइक दुर्घटना में एक घायल

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित महादेव मोड़ के समीप दिन सोमवार को राष्ट्रीय मार्ग 39 पर बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान रामकिशुन नायक के रूप में की गई है। बाइक सवार असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा थाना प्रभारी मणिका राणा भानु प्रताप सिंह को जानकारी दी गई। जिसके तुरंत बाद मनिका थाना से एसआई मिथिलेश कुमार समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया। मौके पर देखा गया कि बाइक सवार घायल व्यक्ति नशे की हालत में था।


### खतियानी जोहर यात्रा में रवि पासवान कार्यकर्ता के साथ होंगे शामिल

**लातेहार।** माको स्थित राष्ट्रीय एकता मंच के कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय एकता मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष रवि पासवान ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता के दौरान रवि पासवान ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत करते है। ये जो झारखंड के हित में खतियानी जोहार यात्रा निकाला जा रहा है इसकी हम समर्थन करते है और इस पदयात्रा में हम राष्ट्रीय एकता मंच के सभी कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल होंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि हमारे द्वारा खतियानी जोहार यात्रा के बारे में ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया है और खतियानी यात्रा में शामिल होने की अपिल की है।

### दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत एक गांव में शनिवार को 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी सुकेश यादव पिता सुकर यादव ( लुकुईया चंदवा) को गिरफ्तार कर लिया। अग्रतर कार्रवाई के बाद उसे सोमवार को मंडल कारा लतेहार भेज दिया गया वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के बाद सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द कर दिया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 38/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विदित हो कि शनिवार की दोपहर पीड़िता को अकेला देखकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। रविवार को पीड़िता के थाना पहुंचने के बाद पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को धर दबोचा।

### मनिका प्रखंड के सेवधरा उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण


शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक गण।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के रांकीकला पंचायत अंतर्गत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा के प्रधानाध्यापक संदीप पासवान के नेतृत्व में विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेतला नेशनल पार्क,पलामू किला एवं केचकी संगम तक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक (आरडीडी) अनिल कुमार चौधरी भी शामिल हुए। वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण भी शिक्षा का एक अंग है जिसे हम किताबों में पढ़ते हैं उसे साक्षात देख लेने के बाद जीवन में हमेशा याद रहता है। मौके पर प्रधानाध्यापक संदीप पासवान, सहायक शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह, लॉरेंस भेंगरा, मनोज कुमार सिंह,अनूप लाल, श्रीराम गुप्ता, नीरज कुमार, समेत लगभग 130 बच्चे उपस्थित थे।

### ईवीएम वेयरहाउस का भी किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के समीप बन रहे ईवीएम वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस सिलसिले में आवश्यक निर्देश दिए।



### लोगों की सुनी समस्याएं, यथोचित निराकरण का दिया भरोसा

परिसदन में मुख्यमंत्री का बड़ी संख्या में लोगों ने स्वागत किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री एक-एक कर लोगों से मिले और उनके अभिवादन को स्वीकार किया । इस दौरान लोगों ने अपनी परेशानियों और समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील सरकार है । हर व्यक्ति की समस्या का निराकरण करना हमारा दायित्व है। आपकी जो भी समस्याएं हैं, उनका शीघ्र और यथोचित निराकरण हो, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### 17 फरवरी को एक दिवसीय जतरा मेला का किया जाएगा आयोजन

➲ मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सत्यानंद भोक्ता व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव होंगे शामिल

**मनिका।** मनिका प्रखंड के पल्हेया पंचायत अंतर्गत स्थित बरवही गांव में 17 फरवरी दिन शुक्रवार को शहीद वीर बुधु भगत समारोह के अवसर पर एक दिवसीय जत्रा मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी बैठक के माध्यम से शहिद वीर बुधु भगत आयोजक कमेटी के अध्यक्ष बहादुर उरांव और सचिव कृष्णा उरांव ने दिया। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को भव्य तरीके से वीर बुधु भगत समारोह आयोजन की जाएगी इस दौरान यहां पर एक दिवसीय जतरा मेला भी लगाया जाएगा। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रम नियोजन कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष लातेहार मुनेश्वर उरांव समेत कई अन्य लोग शामिल होंगे। कमेटी के द्वारा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है कार्यक्रम में मंत्री का आगमन 11:30 बजे होगा। वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम (आर्केस्ट्रा) का भी आयोजन किया जाएगा। जतरा मेला को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को उपस्थित होने के लिए कमेटी के सदस्यों ने आग्रह किया है। मौके पर अध्यक्ष बहादुर उरांव, सचिव कृष्णा उरांव, सुरेश उरांव, रविंद्र उरांव, संतोष उरांव, इंदरदेव उरांव, दीपक उरांव, प्रदीप उरांव, हेमा उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक बैद्यनाथ राम को सौंपा ज्ञापन

➲ झारखंड राज्य में कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक-2022 संदर्भित विधेयक को वापस लेने की कही बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक बैद्यनाथ राम को ज्ञापन सौंपकर झारखंड राज्य में कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक-2022 संदर्भित विधेयक को वापस लेने की बात कही है। वहीं श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के लातेहार आगमण पर लातेहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से अभिनन्दन एवं जोहार करते हुए ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि पूर्व की सरकार के द्वारा काफी सोच विचार, सरकार के राजस्व आय- व्यय, कृषि उपज कर कि वसूली में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अधिकारियों द्वारा कृषकों एवं व्यापारियों के भयादोहन को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2015 में कृषि उपज कर को बंद किया था। पुनः उक्त काले कानून को आप जैसे न्यायप्रिय, संवेदनशील मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार में इस गरीब राज्य के किसानो एवं व्यापारियों पर थोपना कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की गहरी साजिश प्रतीत होती है। विदित हो कि हमारे पड़ोसी राज्यों कि सरकारों द्वारा भी ऐसा कोई कर नहीं वसूला जा रहा है। उक्त कराधान से झारखंड कि गरीब जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा साथ ही इस महंगाई में खाद्यान जैसी अति आवश्यक चीजें और महंगी हो जायेंगी। उक्त कराधान से शायद सरकार के राजस्व में कोई बढ़ोतरी हो न हो परन्तु भ्रष्ट अधिकारियों कि जेबें जरूर भरेंगी। उक्त कराधान से इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा और छोटे छोटे व्यापारियों का भयादोहन किया जायेगा। श्री अग्रवाल ने इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर ज्ञापन सौंपने वाले में सुशील अग्रवाल, सुनिल शौण्डिक, विनोद महालका, निर्दोष गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।


विधायक को ज्ञापन सौंपते।

### ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के आठवें वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चंदवा।** ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के 8वें वर्षगांठ पर रविवार की शाम रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी, पूर्व मंत्री अमर बाउरी, विद्यालय के निदेशक प्रवीण सिंह, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व विधायक प्रकाश राम व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका लोगो ने जमकर लुत्फ उठाया। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जीवन में शिक्षा से महत्वपूर्ण कुछ भी नही है। शिक्षा को जितना बांटा जाए ज्ञान उतना बढ़ता है। पढ़ाई का मतलब मात्र नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इस बात को रेखांकित करते हैं कि पढ़ाई का मतलब हुनर से जोड़ना चाहिए। पूर्व मंत्री अमर बावरी, पूर्व विधायक प्रकाश राम किसलय तिवारी, चेतलाल रामदास समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर रणजी खिलाड़ी आजात शत्रु, कादम्बरी सिंह, लाल राजन नाथ शाहदेव, राजन भगत, संजीव आजाद, प्रशांत सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र छात्राओं के अलावे अभिभावक एवं आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते लोग।

➲ पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर बावरी, विद्यालय के निदेशक प्रवीण सिंह समेत कई दिग्गज रहे

### ऑनलाइन भू लगान रशीद निर्गत किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा आवेदन

**लातेहार।** लातेहार शहर वासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम आवेदन सोमवार को लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को उनके आवास में आवेदन देकर लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के पूर्व से चल रही भू-जमाबंदियों को ऑनलाइन भू लगान रशीद निर्गत किये जाने की बात कही है। उन्होंने दिये आवेदन में कहा है कि हमलोग विगत काफी वर्षो से लगातार शहरी क्षेत्र में अपनी भूमि पर आवास एवं व्यावसायिक भवन का निर्माण कर निवास एवं व्यापार करते आ रहे है। वर्ष 2016 के पुर्व हमारी सभी प्रकार यथा रैयती या बंदोबस्ती भूमि का लगान रशीद निर्गत किया जा रहा था। अधिकतर लोगों के द्वारा अपनी भूमि को बैंको को गिरवी रख कर ऋण लेकर गृह निर्माण या व्यवसाय किया जाता था। वर्ष 2016 के बाद अंचल द्वारा हमारी बंदोबस्त भूमियों का भू लगान रशीद निर्गत करना बंद कर दिया जिस कारण बैंकों ने ऋण देना रोक दिया। उक्त संबंध में भू राजस्व विभाग के पत्रांक 2884 10-07-2018 के द्वारा सभी उपायुक्तों को स्पष्ट निदेशित किया गया था कि पूर्व से चल रही सभी भू-जमाबंदियों का ऑनलाईन भू लगान रशीद निर्गत किया जाये।

## एक नजर में

### छिपादोहर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**छिपादोहर।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला में दो सगे भाइयों के आपसी विवाद ओर मारपीट कर जख्मी करने के आरोपी रघुनाथ भुइयां को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि कुचिला के दिनानाथ राम के साथ उसके भाई ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से सर पर हमला कर जख्मी कर दिया था। जिसे निजी क्लीनिक में इलाज कराते हुए दिनानाथ राम के आवेदन पर करवाई करते हुए उसके भाई रघुनाथ भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर लातेहार पुलिस कप्तान के निर्देश पर छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड़ में छापामारी अभियान चला कर लाल वारंटी लालमुनि भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के साथ साथ, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश यादव सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।


गिरफ्तार अपराधी।

### ग्लिटर त्रिवेणी स्कूल के समीप से बाईक हुई चोरी

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग के अंतर्गत चंदवा के लुकुईया स्थित ग्लिटर त्रिवेणी स्कूल के समय से रविवार की रात्रि हीरो ग्लैमर बाइक जेएच 01सीवाई 5564 की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। भुक्तभोगी अजय कुमार रजक ने बताया कि रविवार की शाम लगभग 6:00 बजे बाइक को खड़ी कर ग्लिटर त्रिवेणी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लगभग 8:00 बजे जब कार्यक्रम से बाहर आए तो बाइक जहां खड़ा किया था वहां से गायब था। आसपास काफी खोजबीन की लेकिन कुछ अता पता नहीं चल पाया। मामले को लेकर चंदवा थाना को सूचना दिए जाने के बात भुक्तभोगी ने कही है।


### वन विभाग की कार्रवाई पोस्ता खेती को किया नष्ट

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभाँग पंचायत अंतर्गत डाकादिरी वन क्षेत्र मे वन विभाग ने अवैध रूप से लगे पांच एकड़ अफीम पोस्ता खेती को नष्ट कर दिया। वनरक्षी आनंद चौधरी ने उक्त कार्रवाई के सम्बन्ध मे बताया की डाकादिरी नदी किनारे वनक्षेत्र मे पोस्ता खेती होने की सुचना प्राप्त हुई थी। चंदवा, बालूमाथ व बारियातू वन विभाग की टीम के सहयोग से पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। इसके पूर्व भी बारियातू पुलिस के साथ अभियान चलाकर इंदुआ जंगल मे अवैध पोस्ता को ट्रेक्टर व एस्प्रे से विनीष्टीकरण किया गया था। अग्रेतर कार्रवाई के लिए पोस्ता खेती करने वाले को चिन्हित किया जा रहा है। वन क्षेत्रों मे अतिक्रमण के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 धरा 26 ज (एच ) 1937 द्वारा कार्रवाई की जाएगी।



नष्ट करती वन विभाग।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पहुंचे बालूमाथ

**बालूमाथ।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी बालूमाथ प्रखंड के कांग्रेसियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका हालचाल पूछा और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाने को कहा और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इस यात्रा ने देश में फैली नफरत को कम करने का कार्य किया है। ज्ञात हो कि केएन त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा कार्यक्रम में शामिल होकर पलामू लौट रहे थे। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो आमिर हयात,जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर रहमान, मो. जुबैर,जुगनू खान, अशोक भुइयां, मो. अशफाक, प्रिंस खान, गोलू,छोटू,समीर समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।


कार्यकर्ता से मुलाकात करते।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते ओबीसी मोर्चा के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को सामने रखा है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में जिन आकांक्षाओं को लेकर यूपीए गठबंधन को सर्मथन किया गया था वह सफलीभूत होता प्रतित नहीं हो रहा है। ज्ञात हो कि पंचायत चुनाव में ओबीसी का आरक्षण पूर्व से मिलते आ रहा था जिसे इस बार के चुनाव में नहीं दिया गया था साथ ही नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए न्यायालय का सहारा लेना पड़ रहा है। जबकी इसे उच्चतम न्यायालय के निदेशानुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई की प्रारंभिक कड़ी आयोग का गठन कर के 06 महिने पहले ही की जा सकती थी। ओबीसी को 27% आरक्षण भवर में लटका हुआ है। सरकार के लगभग तीन वर्षों में निकाली गई। नियुक्तियों में ओबीसी समुदाय को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि लातेहार जिला अधिसूचित क्षेत्र होने के कारण ओबीसी का आरक्षण शून्य है।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांगे

शहरी नगर निकाय चुनाव में आरक्षण लागू करने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेशानुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई की प्रारंभिक कड़ी आयोग का गठन अविलंब किया जाए। ओबीसी के सवार्गीण विकास के लिए ओबीसी मंत्रालय का गठन किया जाए। झारखण्ड सरकार के 2022-23 के वार्षिक बजट में ओबीसी समुदाय की जनसंख्या के अनुपात में बजट में रकम का प्रावधान किया जाए। लातेहार अधिसूचित क्षेत्र होने के कारण ओबीसी का आरक्षण शून्य है जिस कारण ओबीसी छात्रों को नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। ओबीसी छात्रों के विकास के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। मंडल कमीशन के सभी अनुशंसाओं को पुरे झारखण्ड राज्य में लागू किया जाए।

### मुखिया व उप मुखिया मिलकर खुद ही करते हैं सारा काम, नहीं देते वार्ड सदस्यों को मान सम्मान

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित पल्हेया पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुखिया व उप मुखिया के विरोध में अपना समर्थन वापस लेने को लेकर दिन सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड नजीर को आवेदन सौंपा है। इस विषय पर जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य बताते हैं कि पंचायत के मुखिया व उप मुखिया दोनों मिलकर सारा काम करते हैं, हम लोगों से किसी भी प्रकार से विचार-विमर्श नहीं की जाती है। मुखिया और उप मुखिया हम लोगों को मान सम्मान नहीं देते हैं जिस कारणवश आज हम लोग अपना समर्थन वापस लेने हेतु पंचायत के टोटल 8 वार्ड सदस्य नजीर को आवेदन दे रहे हैं। ज्ञात हो कि पल्हेया पंचायत में टोटल 12 वार्ड है जिसमें से 8 वार्ड सदस्यों ने अपना समर्थन वापस लेने का निर्णय लिया है। मौके पर किरण देवी, कलिता देवी, सूरजमणि देवी, दिनेश सिंह, चिंता देवी, रुद्रा देवी, अनीता देवी, भीष्म नारायण सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।


प्रखंड नजीर को आवेदन सौंपते वार्ड सदस्य।

# विधायक के इंजीनियर पुत्र ने सिल्ली में खा ली जहर पुत्र की मौत से मां सदमे में, पिता हैदराबाद में इलाजरत

खबर मन्त्र संवाददाता



विवेक कुमार महतो की फाईल फोटो

**सिन्दरी।** सिन्दरी विधायक इंद्रजीत महतो के 27 वर्षीय बड़े बेटे विवेक कुमार महतो ने इलाज के दौरान राँची स्थित मेडिका अस्पताल में सोमवार की सुबह सात बजे दम तोड़ दिया। उसने रविवार की सुबह नौ बजे डिप्रेशन के कारण राँची स्थित मित्र के आवास पर सल्फास खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद से सिन्दरी विधानसभा में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। सिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शव सौंप दिया है। पुत्र के आत्महत्या की खबर सुनकर मां तारा देवी की तबीयत बिगड़ गयी। रांची में इलाज के बाद कुछ ठीक होने के बाद उन्हें बलियापुर के पहाड़पुर गांव स्थित अपने आवास ले जाया गया।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विवेक दिल्ली में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका था। अपने सहपाठी व पॉलिटेक्निक कॉलेज शिक्षक शेखर कुमार के आवास पर कुछ दिनों से दिल्ली से आकर रह रहा था और कंप्टीशन की तैयारी कर रहा था। हालांकि पुलिस घटना की जाँच कर रही है और आत्महत्या व हत्या पर अब भी प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। विधायक को करीब से जानने वाले लोगों का कहना है कि आनेवाले दिनों का विधायक चेहरा अब हमारे बीच नहीं हैं।

सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि विधायक पुत्र विवेक कुमार महतो पॉलिटेक्निक कॉलेज सिल्ली कैंपस में अपने दोस्त व कॉलेज शिक्षक शेखर कुमार चौधरी के आवास पर मित्र से मिलने के लिए राँची आया था। उन्होंने बताया कि उसके दोस्त शेखर के अनुसार विवेक डिप्रेशन में रह रहा था और उसने रविवार को नौ बजे सुबह सल्फास खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे तत्काल में नजदीक के अस्पताल सिंहपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे मेडिका अस्पताल राँची रेफर कर दिया। जहाँ विवेक ने सोमवार की सुबह सात बजे दम तोड़ दिया। समाचार लिखे जाने तक विवेक का शव बलियापुर स्थित आवास लाया जा रहा है।

बताते चलें कि मधुपुर उपचुनाव में विगत 12 अप्रैल 2021 को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद सिन्दरी विधायक इंद्रजीत महतो को धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत में होने के कारण चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें 17 अप्रैल 2021 को हैदराबाद अस्पताल में भर्ती के लिए बोकारो हवाईअड्डा से एयरलिफ्ट कराया गया था और फिलहाल वह वहीं इलाजरत हैं।

## स्पीड न्यूज

### श्रीपुरम अपार्टमेंट के आठवें तले में लगी आग

**धनबाद।** शहर के गोविंदपुर थाना अंतर्गत लाल बंगला के समीप श्रीपुरम अपार्टमेंट के आठवें तले में लग गई आग जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई आग की लपटें दूर-दूर तक नजर आ रही थी लोगों को फिर एक बार बैंक मोड़ जोड़ा फाटक रोड के आशीर्वाद टावर आग लगी मामले की याद ताजा हो गई, बताया जाता है कि लाल बंगला के समीप श्रीपुरम अपार्टमेंट के आठवें फ्लोर पर आग की लपटें देखकर स्थानीय लोग दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई ।

### जमसं के कार्यक्रम में पहुंची भाजपा नेत्री रागनी सिंह

**झरिया।** पूर्व झरिया क्षेत्र भौरा में जनता मजदूर संघ के द्वारा आयोजित वन भोज सह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भौरा स्थित गेस्ट हाउस पहुंची। जहां उनका शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। वही श्रीमती सिंह ने अपने संबोधन में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती समेत क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देश दिए साथ ही अपने क्षेत्र में जनता मजदूर संघ को और मजबूत बनाए जाने संबंधी विचार साझा किए। वही श्रीमती सिंह ने कहा कि जब तक स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाया नही जाता तब तक उन मजदूरों को हटाना उचित नहीं है जनता मजदूर संघ मजदूर हित की लड़ाई के लिए जाना जाता है और हक की लड़ाई में आगे भी मजदूर हित में लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम भौरा के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एस एस दास सुदामडीह के एरिया सचिव रतन पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष धनंजय सिंह अरविंद सिंह कृष्णा सिंह शैलेंद्र सिंह रंजय सिंह संजीत सिंह थे वही मंच का संचालन भौरा के क्षेत्रीय सचिव आनंद मौर्य ने किया ।

### सुदामडीह में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ आरम्भ

**चासनाला।** सुदामडीह रिवर साइड स्थित शिव मदिर प्रागण से सप्त दिवसीय श्री श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई । कलश शोभा यात्रा बनारस से पधारे यज्ञाधीश आशीष जी महाराज के नेतृत्व मैँ सुदामडीह दोनों लाइन के बीच से चलकर सुदामडीह नगर भ्रमण करते हुए सुदामडीह चासनाला स्थित सूर्य धाम दामोदर नदी तट पहुचे जहाँ वैदिक मन्त्रोंचरण के साथ जलभरनी कार्य पंडित जी के द्वारा कराया गया । इस यात्रा मैँ 251 की संख्या मैँ महिलाए एवं कन्याए शिर पर कलश लेकर चल रही थी,वहीं युवक धर्म धवज लेंकर जयकारे का उद् घोष करते हुए बै ण्ड बाजे के धुन पर थिरक रहे थे।

कलश शोभा के मोके पर पूर्व महापौर इंदु देवी, बहु आशनी सिंह,महापौर चंद्र शेखर अग्रवाल,पूर्व पार्सद प्रियंका देवी,गजेंद्र सिंह,नागेंद्र सिंह, उचित महतो, डॉ बीरेंद्र कुमार,बबलू दुबे, राघव तिवारी, शुभाष दास,मधु दास, दीपक, कमलेश रजक, संतोष सिंह,आदि उपस्थित थे।

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक संपन्न

**कतरास।** दिन सोमवार को कतरास लिलौरी मंदिर स्थित पार्क के बगल में झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की एक आवश्यक बैठक बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख ने कहा कि आगामी 26 फरवरी को राँची में सहायक अध्यापकों का महा सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें 24 वो जिला के हजारों शिक्षक उपस्थित होंगे। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष चंदन मोदक ने कहा वर्तमान झारखंड के सरकार पारा शिक्षकों के साथ जो वादा किया था वह सिर्फ सहायक अध्यापक बनने पर पूरी नहीं हुई बिहार के तर्ज पर नियमावली लागू कर वेतनमान देने की प्रक्रिया अभिलंब प्रारंभ करें। बैठक में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अभिराम मुर्मू जिला अध्यक्ष निरंजन दे जिला उपाध्यक्ष मोती लाल महतो मौजूद थें।

## बाघमारा में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन अभियान का उद्घाटन

**धनबाद।** बाघमारा प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन अभियान का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया। इसमें डिजिटल ग्रामीण पंचायत टैग लाइन के साथ गांव के अंतिम लोगों के बीच जाकर डिजिटल लेनदेन के लिए जागरूक किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड से बैंक सखियों के साथ वित्तीय साक्षरता कैडर, बीसी सखियों तथा डिजी-पे सखी ने भाग लिया।

डीएमएमयू धनबाद इकाई से जिला प्रबंधक - वित्तीय समावेषण ने कार्यक्रम में कतरास बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक, बाघमारा के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड की प्रमुख, झींझिपहाड़ी तथा लुट्टीपहाड़ी के मुखिया, बैंक व सीएससी पदाधिकारियों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की।

इस दौरान बाघमारा के लुट्टीपहाड़ी एवं भीमकनाली में बैंक ऑफ इंडिया की सहभागिता से ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरूआत की गई। इन केन्द्रों के लिए सीएससी कॉर्पोरेट साझेदार की भूमिका निभाएगा। केन्द्रों का उद्घाटन आजीविका महिला संकुल संगठन की सदस्यों की उपस्थिति में कतरास बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर किया।

इसी क्रम में ग्रामीण परिवेश में डिजीटलीकरण को मजबूती देने के लिए झींझिपहाड़ी पंचायत में डिजीटल पंचायत का उदघाटन भी किया गया।

## आउटसोर्सिंग लाईजनर पर चली गोली

खबर मन्त्र संवाददाता



**केंदुआ।** बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने एक बार फिर अन्धाधुन्ध फायरिंग कर दहशत फैला दी। बाइक पर सवार होकर आए तीन अपराधियों ने कोयला उत्खनन से जुड़े आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव पर निशाना साध कर चलाया था, गनीमत रही कि इस गोलीबारी में राजेश यादव बालबाल बच गए। घटना धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ-झरिया मुख्य मार्ग की है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे केंदुआडीह थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित अपने आवास से बाहर निकल कर आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव अपने पिता के साथ सड़क के किनारे खड़े थे। उसी दौरान सीबीजेड काले रंग के एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात अपराधियो ने उनपर एक-एक कार पांच गोलियां दाग दी। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां सड़क किनारे बने दीवार और एक दुकान के शटर पर लगी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह मामले की जांच करने में जुटी है। बता दें कि इससे पूर्व में भी राजेश यादव पर हमला हो चुका है। जिससे बचने के लिए उन्होंने अपनी सुरक्षा में निजी गार्ड भी रखा है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर धनबाद पुलिस से गुहार भी लगाई है। इस घटना की लिखित शिकायत केंदुआडीह थाना दिया। वही धनबाद विधि व्यवस्था अरबिंद कुमार बिन्हा ने जांच पड़ताल करने पँहुचे। कहा कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लेंगे।

# फाइलेरिया की दवा खाने से दर्जनों बच्चों एवं बुजुर्ग बीमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चलाया जा रहा है फाइलेरिया उन्मूलन अभियान**

मालूम हो कि धनबाद जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 10 फरवरी को शुरू हुआ, जो 25 फरवरी तक चलेगा। अभियान के तहत ही आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गयी। इसी दौरान दवा खाते ही शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड में फाइलेरिया की दवा खाने से दर्जनों बच्चों एवं बुजुर्ग के बीमार होने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में निरसा स्वास्थ केंद्र द्वारा गाँव-गाँव मे डॉ की टीम कैम्प कर ईलाज कर रही है। जहां सभी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। ताजा मामला शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के उर्दू प्राथमिक विद्यालय अंसार मुहल्ला का हैं। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की हुई शुरूआत, 11 फरवरी से डोर-टू-डोर खिलायी जाएगी दवा। जानकारी के मुताबिक, रविवार को सुबह 10 बजे अचानक स्कूल के बच्चों को एक के बाद उल्टी पेट मे दर्द शुरू हो गया इसकी सूचना स्वास्थ केंद्र में दी गई आनन फानन में मेडिकल टीम कैम्प कर गया और सभी का उपचार शुरू कर दिए जिससे हालत काबू में आया। स्कूल की रसोईया भी दवा खा कर बेहोश हो गई एवं स्थानिए बुजुर्ग नौशाद का तबियत बिगड़ गया डॉ के टीम एवं उत्तर पंचायत की मुखिया मलका मेहर निगर पहुँच कर हाल चाल जाना। हालांकि डॉक्टर जयंत कुमार टुडु ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं घबराने की जरूरत नहीं है। वही मुखिया मलका मेहर निगार ने बताया कि सरकार की सोच हैं कि जिस तरह हमारे देश से पोलियो मुक्त हुआ हैं उसी के तहत फ्लेरिया मुक्त भारत विजन को लेकर अभियान चलाई जा रही हैं और इससे घबराने की आवश्यकता नही हैं। डॉ की टीम हर सम्भव मद्दत को तैयार हैं और अफवाहों पर ध्यान ना दे सरकार स्वस्थ भारत की कल्पना कर रही हैं और हमसबो को सहयोग कर ना ही लक्ष्य है।

## गोल्डन आवर में लोगों की जान बचाने का पुलिस को दिया प्रशिक्षण



**धनबाद।** सोमवार को पुलिस लाइन में जिले के प्रत्येक थाना से एक पदाधिकारी एवं एक जवान को गोल्डन आवर में घायल का प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रैफिक डीएसपी सुरक्षा राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारियों को अग्निकांड, बिजली करंट, सड़क दुर्घटना सहित अन्य दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार कर घायल व्यक्ति की जान बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गोल्डन आवर में घायलों को मदद कर चिकित्सक या अस्पताल पहुंचाने में कम से कम नुकसान पहुंचे, इसलिए आज यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं किसी दुर्घटना में रेस्क्यू वर्क में शामिल होने के समय अपने को सुरक्षित रखते हुए कैसे रेस्क्यू वर्क करना है, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ट्रैफिक सार्जेंट मेजर अरुण किशन एवं सभी थाना के अधिकारी मौजूद थे।

## एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो।** फरवरी में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने हेतु एचआरडी सेंटर में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंधक अंकिता देव ने कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। सीनियर डीएमओ डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ के बी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया तो जीएम (वित्त एवं लेखा)एस के राय व बैंक अधिकारियों ने वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी। एसीटी संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

## स्वदेशी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** 11 दिवसीय स्वाभिमान स्वदेशी मेला के 8 दिवसीय प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यकम के तहत सोमवार को मिस्टर स्वदेशी और मिस स्वदेशी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में करीब 50 लड़कों और लड़कियों ने प्रतिभागी निभाई। जज में मॉडलर सोनू कुमार, मिसेज इंडिया 2021/22 रूमा मुखर्जी सह शिशु बिहार की प्रिंसिपल डा. लोपामुद्रा मिश्रा रहीं। सभी अतिथियों को मेला संचालक धर्मजित चौधरी कि तरफ से मोमेंटो और आयुष फाऊंडेशन धनबाद के मेंबर्स द्वारा बनाया गया हैनक्राफ्ट आइटम्स देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगियों को पार्टिसिपेंट सर्टिफिकेट दिया गया। विनर्स को 18 फरवरी को प्राइज दिया जाएगा। मेला संयोजक धर्मजित चौधरी, कैफी मल्लिक, अब्दुल रजा कश्मी, अर्पिता अग्रवाल, आर्टिस्ट गणेश शर्मा, आदि मौजूद थे।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी का रवैया संदेह के रडार पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर कतिपय इंश्योरेंस कंपनियां आम आदमी को इंश्योरेंस बेच देते हैं परंतु उनके नेटवर्क से बाहर के अस्पताल में इलाज कराने पर रीइंबर्समेंट के लिए कस्टमर का तेल निकाल देती हैं। बोकारो स्टील सिटी के संजय कुमार ओझा ने स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से स्वास्थ्य बीमा लिया था। तबीयत खराब होने पर औपचारिकता पूरी कर स्थानीय शिवम हॉस्पिटल में इलाज करवाया और इलाज का बिल रीइंबर्समेंट के लिए दाखिल किया तो कंपनी ने सीधे अस्पताल से स्पष्टीकरण मांगा। स्पष्टीकरण का जवाब ना देने की स्थिति में कंपनी ने अस्पताल को अपने वेबसाइट पर एक्सक्लूडेड प्रोवाइडर घोषित करने की चेतावनी दी। अस्पताल के संबंधित पदाधिकारी ने जवाब देते हुए कंपनी को कहा कि जब हम इस कंपनी में इंक्लूडेड नहीं हैं। कंपनी द्वारा वेबसाइट पर की गई इस घोषणा को सरासर गलत बताते हुए अस्पताल प्रबंधन ने आशंका जाहिर की है कि कुत्सित मंशा से अस्पताल को बदनाम करने की नीयत से कंपनी द्वारा यह कदम उठाया गया है जिससे अस्पताल को आर्थिक क्षति के साथ मानसिक मानसिक प्रताड़ना व बदनामी का सामना करना पड़ा है। अस्पताल प्रबंधन एवं कंपनी के बीच पत्राचार व मेल पर स्पष्टीकरण की कार्रवाई जारी है। प्रश्न उठता है, बीमार पड़ने पर बीमा धारक मरीज, स्टार इंश्योरेंस कंपनी के सुविधानुसार सूचिबद्ध किसी अस्पताल में ईलाज हेतु जाएगा या मरीज की जान बचाने हेतु सुविधानुसार बेहतर ईलाज व सुविधा संपन्न अस्पताल की शरण लेगा। इस विषय पर कंपनी के पदाधिकारी से संपर्क करने पर उन्होनें आक्रोश पूर्वक टालमटोल की नीति अपनाते हुए टोल फ्री नंबर पर संपर्क करने को कहा जहाँ संतोषप्रद प्रत्युत्तर नहीं मिला।

## समारोह आयोजित कर 10 वीं के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई



**बेरमो/ पेटरवार।** पेटरवार आज दिन सोमवार को लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुर पेटरवार के प्रांगण में कक्षा दशम के छात्र झछात्राओ के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति मिश्रा जो के अतिरिक्त अध्यनरत वर्ग दशम के माता पिता /अभिभावक भी उपस्थित रहे कइस अवसर पर मिश्र जी अपने संबोधन में वर्ग दशम के विधार्थियो के मनोवल को बढाने तथा अध्ययन करने की नई तकनीक की जानकारी दी, किसके फलस्वरूप सफलता सुनिच्चित है बिद्यालय झनिदेशक नीरज कुमार सिन्हा तथा प्राचार्य अमर प्रसाद ने मुख्य अतिथि को पुष्प - गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया तथा विदार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि समय बहुत ही मूल्यवान होता ह। अतः ससमय कठिन परिश्रम व लगनपूर्वक अध्ययन कभी निष्फल नही होता क इस अवसर पर कृष्ण कुमार प्रसाद, सुनील दास गुरु, अभिषेक खन्ना, शिव शंकर शर्मा शिवप्रसाद, अनन्त सिन्हा व अन्य मौजूद थें।

## एक नजर में

### ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी करने वाले तीन गिरफ्तार

**बोकारो/ कसमार।** कसमार चौक में स्थित नितेश ज्वेलर्स में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कसमार थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच की रात इस ज्वेलरी दुकान में बोकारो के माराफारी थाना क्षेत्र के जोशी कॉलोनी निवासी सोनू सिंह ,बालीडीह के हैसाबातु निवासी मोनू शेख व चास थाना क्षेत्र के वशीडीह निवासी अजय कुमार मालाकार ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस की रात्रि गश्ती को देखकर सभी चोर चार पहिया में बैठकर भागने लगे। दांतु के चटनियां मोड़ के पास चोर वाहन छोड़कर भाग निकले थे जिसे कसमार पुलिस ने जब्त कर लिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की इस घटना के बाद पुलिस लगातार जांच पड़ताल कर रही थी। चोरों के चास में छिपने की सूचना पर एसपी के निर्देश पर एक टीम बनाकर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा। उनके पास से ताला तोड़ने के कई औजार भी बरामद हुए है। टीम मे थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता, एसआई रमेश वर्णवाल, अनिल कुमार, धीरज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### सिन्दरी कोऑपरेटिव मोड़ पर लगाया जाएगा सीसीटीवी कैमरे: दीपू



**सिन्दरी।** सिन्दरी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर कुछ हद तक अंकुश लगाने को लेकर सिन्दरी चेम्बर ऑफ कामर्स के द्वारा कोऑपरेटिव मोड़ पर बीच सड़क में पोल के सहारे चारों दिशाओं में सीसीटीवी कैमरे की तैनाती की जा रही है। 16 सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी व्यवसायियों के द्वारा पूरी कर ली गई है। इसकी सूचना एसडीपीओ सिन्दरी अभिषेक कुमार व एफसीआईएल सिन्दरी यूनिट प्रभारी यू सी गौड़ को दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए सिन्दरी चेम्बर ऑफ कामर्स सचिव दीपक कुमार दीपू ने बताया कि इससे सिन्दरी कोऑपरेटिव मोड़.सहित बाजार में लगातार चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, तेज रफ्तार वाले टू व्हीलर व फोर व्हीलर, चेन स्नैचर भी कैमरे में कैद होंगे। हालांकि एफसीआईएल सिन्दरी यूनिट प्रभारी ने बताया कि सड़क के बीचोंबीच पोल लगाने से राहगीरों को परेशानी होगी। इसे सड़क किनारे लगाने से एफसीआई प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं है। इस मौके पर चेम्बर सदस्य दिलीप रिटोलिया, पवन शर्मा, महेंद्र गुप्ता, प्रशांत पाण्डेय, दिलीप दास, राजेन्द्र प्रसाद, पंचदेव गुप्ता, राहुल मंडल, मो रिजवान, मो नाशिर, मनोज कुमार, अजय ठाकुर, रौशन रमेश, दामोदर, गुप्ता, मनोज गैरेज रंजन ठाकुर,अजित प्रसाद, नागेंद्र मौजूद रहे।

### ज्वाइंट ऑप्शन फॉर्म हेतु बीएसएल ने खोला हेल्प डेस्क

**बोकारो।** वेतन पर बढे हुए पेंशन का लाभ उठाने के इच्छुक बीएसएल के कर्मचारियों/पूर्व कर्मचारियों को ज्वाइंट ऑप्शन फॉर्म भरने में सहूलियत हेतु सेल कारपोरेट ऑफिस ने सेल ईपीएस-95 पोर्टल खोला है। इस बाबत बीएसएल ने मैत्री भवन और एचआरडी सेंटर के न्यू इंट्रेंट सेल (एनईसी) में हेल्प डेस्क भी खोले हैं जहां वे अपना ज्वाइंट ऑप्शन फॉर्म भरकर जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित कार्मिक कार्यालयों में भी जा सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद फॉर्म को ऑनलाइन जमा करना होगा और उसका प्रिंट आउट तीन प्रतियों में निकालना होगा जिसे रंगीन पासपोर्ट साइज के फोटो, आधार कार्ड की कॉपी, पैन कार्ड की कापी, पीपीओ दस्तावेज की स्व-सत्यापित प्रतियां 18 फरवरी 2023 तक या उससे पहले बंद लिफाफे में जमा किए जा सकते हैं।

### जारंगडीह 16 नंबर के ग्रामीण ने कोल डस्ट को लेकर लोडिंग कार्य करवाया बंद

**बेरमो/ जारंगडीह।** जारंगडीह रेलवे साइडिंग के बीएंडके प्लेटफार्म नंबर एक को सोमवार की अहले सुबह से ही जारंगडीह रेलवे साइडिंग ठीक बगल में बसे जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी के दर्जनों लोग रेलवे साइडिंग पहुच लोडिंग कार्य को बंद कर दिया। इस आंदोलन का नेतृत्व 16 नंबर कॉलोनी निवासी कैलाश कुमार चौहान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सीसीएल का लोडिंग कार्य को बाधित करना उन लोगो का कोई उद्देश्य नही है बल्कि सीसीएल प्रबंधन की ध्यान अकृष्ट करवाने के लिए यह विरोध है। कहा कि साइडिंग के बगल में होने के कारण हम लोग कोल डस्ट के काफी परेशान रहते हैं खासकर तेज हवाओं के झोंको के बाद और भी अधिक। कहा कि अगर सीसीएल प्रबंधन नियमित रेलवे साइडिंग मे पानी का छिड़काव करे तो इस समस्या से कुछ हद तक निजात पाया जा सकता है मगर दुर्भाग्य से सीसीएल प्रबंधन ऐसा नहीं करती। मजबूर हो कर हम कॉलोनी वासियों को यह कदम उठाना पड़ा है। इधर लोडिंग के कार्य रोके जाने के बाद साइडिंग इंचार्ज वहां पहुच लोगो से बाते कर मामले की लिपटारे की कोशिश मे जुट गए है।

## पेज एक का शेष

### मूलवासी-आदिवासी को ...

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। आज सरकार खुद आम लोगों के द्वार तक पहुंची है। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा उपायुक्त श्री अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एवं अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक के इंजीनियर...

धीरे-धीरे जहर शरीर में फैलने के कारण सोमवार की सुबह मल्टी ऑर्गन फेल होने से उसकी मौत हो गयी। खबर मिलते ही गोमिया विधायक लंबोदर महतो, विधायक समरी लाल और झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौके पर पहुंचे और परिवार वालों ढ़ाढस दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### अडाणी-हिंडनबर्ग मामला...

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से बुधवार तक प्रस्तावित संदर्भ की शर्तों पर एक नोट जमा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने गत शुक्रवार को सरकार से उन हजारों निवेशकों को बचाने के लिए कानूनों में संशोधन करके और पर्यवेक्षी नियंत्रण को मजबूत करके एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए कहा था। जो अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह पर शेयरों में हेराफेरी और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। इन आरोपों के कारण अदाणी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आयी है।

**सीजेआइ ने समिति गठित करने की कही बात :** सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में आगे का रास्ता तैयार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में एक विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव रखा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर केंद्र सरकार उसके सुझाव को स्वीकार करने के लिए तैयार है, तो समिति की आवश्यक सिफारिश की जा सकती है।

## एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए बोले प्रधानमंत्री

# आज का भारत तेज व दूर की सोचता है

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम ने एयरो इंडिया पर स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण में पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी तकनीक, मार्केट और सतर्कता को सबसे जटिल माना जाता है। हमारा लक्ष्य है 2024-25 तक इसके निर्यात के आंकड़े को डेढ़ बिलियन से बढ़ाकर 5 बिलियन डॉलर तक ले जाया जाए।

**आज का भारत तुरंत फैसला लेता है**

पीएम ने कहा कि अमृतकाल का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता। जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है। आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है।


**नया भारत अब नहीं गंवाएगा कोई मौका :** मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत अब न तो कोई मौका गंवाएगा और न ही मेहनत करने में पीछे रहेगा। हम तैयार हैं। सुधारों की राह पर हम हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं। दशकों तक रक्षा का सबसे बड़ा आयातक देश अब 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है।

**भारत पर बढ़ा पूरे विश्व का विश्वास :** पीएम मोदी ने कहा कि एयरो इंडिया का यह आयोजन भारत के बढ़ते हुए सामर्थ्य का उदाहरण है। इसमें दुनिया की करीब 100 देशों की मौजूदगी होना दिखाता है कि भारत पर पूरे विश्व का विश्वास कितना बढ़ गया है।



### नयी ऊंचाई आज नये भारत की सच्चाई

प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु का आसमान न्यू इंडिया के सामर्थ्य का गवाह बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाई ही नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उसे पार भी कर रहा है।




### न्यू इंडिया की नयी सोच को दर्शाता है एयरो शो

**पीएम मोदी ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 न्यू इंडिया की नयी सोच को दर्शाता है। एक समय था जब इसे महज एक शो समझा जाता था। पिछले कुछ सालों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ दिखावा नहीं है, बल्कि भारत की ताकत भी है। यह भारतीय रक्षा उद्योग के दायरे और आत्मविश्वास पर केंद्रित है।**

**इस शो में सबसे ज्यादा सुर्खियां एचएलएफटी-42 ने बटोरीं। इसकी टेल पर हनुमानजी की फोटो है। साथ ही एक मैसेज भी लिखा है- तूफान आ रहा है**



### वैश्विक आकाश में चमक रहा है भारत : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे रक्षा क्षेत्र ने कुछ वर्षों में एक लंबी यात्रा तय की है। इस यात्रा में रक्षा क्षेत्र ने सफलता के कई पड़ाव पार किए हैं, जो आगे चल कर इस क्षेत्र में मजबूती का स्तंभ बने हैं। एयरो इंडिया भी उन्हीं स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आकाश में भारत एक ऐसे सितारे के रूप में उभरा है, जो न केवल चमक रहा है, बल्कि दूसरों को भी अपनी चमक से रोशन कर रहा है।

**वायु सेना प्रमुख ने किया गुरुकुल गठन का नेतृत्व**


एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने फ्लाईपास्ट के दौरान गुरुकुल गठन का नेतृत्व किया।

## केंद्र सुनिश्चित करे कि कॉलेजियम की सिफारिशों के अनुसार हो जजों की नियुक्ति : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण से जुड़े मुद्दों पर जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है। न्यायमूर्ति एस के कौल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि वह न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े 'कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित है।'

अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी के उपस्थित नहीं रहने के कारण शीर्ष न्यायालय ने दो याचिकाओं की सुनवाई दो मार्च के लिए स्थगित कर दी। इनमें से एक याचिका में आरोप लगाया गया हे कि केंद्र कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किये गये नामों को मंजूरी देने में देर कर रहा है। शीर्ष विधि अधिकारी की ओर से वकील द्वारा कुछ समय मांगे जाने पर पीठ ने कहा कि कृपया यह सुनिश्चित करें कि जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है। अटॉर्नी जनरल को सूचित कर दें। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति मनोज



मिश्रा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार भी शामिल हैं।

**प्रशांत भूषण ने सरकार के रवैया पर जताई चिंता :** एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा कि कुछ नियुक्तियां चुनिंदा तरीके से अधिसूचित की जा रही हैं, जबकि कुछ को लंबित रखा जा रहा है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि श्रीमान भूषण, मैं यह मुद्दा पहले ही उठा चुका हूं। मैं कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित भी हूं। मुद्दे हैं, मुझे कहने दीजिए, एक से अधिक हैं। भूषण ने कहा कि यह अनंत समय तक नहीं चल सकता। कौल ने कहा कि आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर ज्यादा नहीं, पर समान रूप से मैं भी चिंतित हूं। भूषण ने कहा कि कभी ना कभी, शीर्ष न्यायालय को ऐसा कहने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग करना होगा, अन्यथा यह अनंत समय तक चलेगा।

## स्पीड न्यूज

### सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती हुए बाबुल सुप्रियो



**कोलकाता।** राज्य के मंत्री और गायक बाबुल सुप्रियो को सीने में दर्द और अत्यधिक पसीने की शिकायत के साथ रविवार शाम दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत अब स्थिर हैय बाबुल वुडलैंड्स अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें निगरानी में रखा गया है।

### सेंसेक्स 250 अंक टूटा

**मुंबई।** सोमवार को सेंसेक्स 250.86 अंकों की गिरावट के साथ 60431.84 अंकों पर जबकि निफ्टी 85.60 अंक फिसलकर 17770.90 अंकों पर बंद हुआ।

### कमलनाथ ने की धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात

छतरपुर। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने सोमवार को छतरपुर के बागेश्वर धाम जाकर हनुमान जी के दर्शन किए। उन्होंने बंद कमरे में धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से दो मिनट मुलाकात भी की।

## अडानी मुद्दे पर हंगामे के बीच संसद की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में सोमवार की शुरुआत हंगामे के बीच हुई। राज्यसभा में अडानी मामले को लेकर विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया। इस बीच मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के कुछ अंश रिकॉर्ड से निकाले जाने को लेकर भी विपक्षी सांसद भड़क गए और सभापति के आसन के पास पहुंच गए। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के बाद शून्यकाल में लोक महत्व के मुद्दों को उठाये जाने के बाद गैरसरकारी सदस्यों का कामकाज हुआ। इसके बाद शाम छह बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार 13 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

**हम अदाणी मामले पर चर्चा चाहते हैं : कांग्रेस सांसद**

कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, हम अदाणी मामले में चर्चा चाहते हैं, लेकिन केंद्र ऐसा नहीं चाहता है। हमें इस मुद्दे को सामने रखने का एक भी मौका नहीं मिला। जेपीसी जांच के आदेश क्यों नहीं दिए गए, पीएम जिस तरह से संसद में बोलते हैं, उस तरह से पीएम को बोलना नहीं चाहिए।

### प्रभाकरण जिंदा है!

**नयी दिल्ली।** लिब्रेशन टाइगर्स ऑफ तमिल इलम (एलटीटीइ) प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण के बारे में तमिल नेता ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। वर्ल्ड तमिल फेडरेशन के अध्यक्ष पाझा नेदुमारन ने कहा है कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे तमिल राष्ट्रीय नेता प्रभाकरण जिंदा हैं और वह ठीक हैं। उन्होंने कहा, जल्द ही, सही समय आने पर प्रभाकरण दुनिया के सामने आएंगे। नेदुमारन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस खबर से उन अटकलों पर विराम लगेगा, जो लिट्टे प्रमुख के बारे में फैलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आपको बता दें कि वह जल्द ही तमिल जाति की मुक्ति के लिए एक योजना की घोषणा करने वाले हैं।

## जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक जरूरत : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**लखनऊ।** जनजाति समूहों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि समाज के इस वर्ग को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन मुर्मू ने राजभवन के गांधी सभागर में 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को वनाधिकार पट्टा अभिलेख प्रपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनता में जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। कोई भी समाज पीछे न रह जाये सभी आगे बढें, कोई भी बच्चा अनपढ़ न रहे।



राष्ट्रपति ने प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समूहों के विकास के लिये किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जनजातियों के विकास के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने समारोह में आये 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिभागियों को विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सबके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। सभी के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बेटा हो बेटी-सभी पढ़े। राष्ट्रपति ने जनजातीय समूहों को नयी तकनीक से जोड़ने, सरकार की आवास योजनाओं के तहत आवास प्रदान करवाने, जनजातीय क्षेत्रों के निकट विद्यालयों को बनवाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने कहा कि मुसहर जनजाति के लोग जंगलों में रहते हैं। उनकी खुद की जमीन न होने से वे प्रधानमंत्री आवास योजना से नहीं जुड़ पाते। उन्होंने समाज के लोगों को नसीहत दी कि सीखना बहुत जरूरी है। बेटा हो या बेटी, दोनों को पढ़ाना चाहिए।

मुर्मू ने कहा कि अभी एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं। बच्चों को भी कंप्टीशन में भाग लेना चाहिए। यह सोच आनी चाहिए कि दूसरे समुदाय के बच्चों के साथ आपके बच्चे भी आगे आ पाएं। आपको भी उस रास्ते पर दौड़ना चाहिए। हम जनजातिय हैं, पीछे नहीं रहेंगे, हम भी सशक्त होंगे, हम भी कुछ बनेंगे। यह सोच होनी चाहिए।

### खुदरा महंगाई जनवरी में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पहले जनवरी महीने में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई दर एक साल के सबसे निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई थी। दिसंबर लगातार दूसरा महीना था जिसमें जिसमें खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 (+/- 2) फीसदी के टॉलरेंस बैंड के भीतर आ गई थी। अब दो महीने की गिरावट के बाद जनवरी महीने में यह फिर इस टॉलरेंस बैंड के बाहर पहुंच गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 6.77 प्रतिशत और नवंबर में 5.88 प्रतिशत थी। दिसंबर में ग्रामीण क्षेत्रों में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति नवंबर के 6.09% से घटकर दिसंबर में 6.05% हो गई थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 5.39% रही थी।

## औरंगाबाद में नीतीश पर फेंकी गयी कुर्सी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**औरंगाबाद।** समाधान यात्रा पर औरंगाबाद गए नीतीश कुमार पर कुर्सी फेंकी गई। बारूण के कंचनपुर में सीएम के सामने कुर्सी गिरी। हालांकि इस दौरान वह बाल-बाल बच गए। नीतीश बिहार के अलग-अलग जिलों के गांवों में जाकर विकास कार्यों का मुआयना कर रहे हैं। इसी सिलसिले में वो बारूण प्रखंड के कंचनपुर गांव में गए थे, जहां उन पर कुर्सी फेंकी गई।

**नीतीश पर फेंकी गई कुर्सी :** नीतीश कुमार पर ये कुर्सी बारूण प्रखंड के कंचनपुर में फेंकी गई। कंचनपुर में मुख्यमंत्री पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करने आए थे। उद्घाटन करने के दौरान ही किसी ने कुर्सी फेंकी, जो उनके सामने गिरी। उद्घाटन के बद जब नीतीश कुमार जायजा ले रहे थे तो लोगों की काफी भीड़ थी। लोगों के हाथों में दर्जनों आवेदन थे। दिन के दो बजे के करीब उन्होंने पंचायत भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद ही भीड़ में किसी ने नीतीश की ओर कुर्सी फेंक दी।



**बाल-बाल बचे सीएम नीतीश**

हालांकि औरंगाबाद में हुए कुर्सी कांड पर नीतीश कुमार को कोई चोट तो नहीं आई। मगर उनकी सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई। इससे पहले भी नीतीश कुमार पर हमला हो चुका है। समाधान यात्रा को लेकर थ्री लेयर सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया है। फिर भी इस तरह सीएम पर कुर्सी फेंकना तमाम तैयारियों पर सवाल खड़ा करता है।

### अमेरिका ने नागरिकों से कहा- तुरंत रूस छोड़ें

**मास्को।** अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत रूस छोड़ने की चेतावनी दी है। अमेरिका ने इसकी वजह यूक्रेन में युद्ध और रूसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और उत्पीड़न के जोखिम को बताया है। रूस की विदेशी जासूस सेवा ने सोमवार को कहा कि उसे खुफिया जानकारी मिली थी कि अमेरिकी सेना रूस और पूर्व सोवियत संघ में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए इस्लामी आतंकवादियों को तैयार कर रही थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मास्को में अमेरिकी दूतावास ने कहा, 'रूस में रहने वाले या यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों को तुरंत निकल जाना चाहिए। गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम से बचने के लिए सावधानी बरतें। रूस की यात्रा न करें।' अमेरिका ने बार-बार अपने नागरिकों को रूस छोड़ने की चेतावनी दी है।

## सुहाना का हॉट अंदाज

एक्ट्रेस सुहाना खान की सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है। इसमें उन्हें पार्टी में आते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने थाई हाई वन पीस ड्रेस पहन रखी है। इसके अलावा उन्होंने हाथों में एक महंगा बैग ले रखा है। उन्होंने हाई हील्स पहन रखी है। सुहाना खान ने मेकअप कर रखा है। उनके बाल खुले हुए हैं और वह काफी हॉट लग रही है। सुहाना खान का अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। उनका वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। इसमें उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। दरअसल सुहाना खान ने जिस अंदाज में कपड़े पहने हैं, वह उनके कुछ फैंस को रास नहीं आया है। एक फैन ने लिखा है, 'फीमेल वर्जन आफ एसआरके।' एक ने लिखा है, 'एसआरके लड़की के रूप में आ गया है।' एक ने लिखा है, 'शाह रुख खान लड़की बनकर क्यों घूम रहा है?' एक फैन ने लिखा है, 'यह हाथ से निकल गई।' सुहाना खान फिल्म एक्ट्रेस है। वह जल्द जोया अख्तर की फिल्म में नजर आने वाली है। इस फिल्म में उनके अलावा अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तस्य नंदा की भी अहम भूमिका होगी। सुहाना खान फिल्म एक्ट्रेस है। वह फिल्मों में काम करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में फिल्म मेकिंग की पढ़ाई पूरी की है। वह अपनी फिल्मी डेब्यू को लेकर काफी एक्साइटेड है। उन्होंने हॉलीवुड की एक शॉर्ट फिल्म में भी काम किया था। सुहाना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है।



## विमेंस प्रीमियर लीग नीलामी : स्मृति मंधाना रहीं सबसे महंगी खिलाड़ी, गार्डनर और स्कीवर को मिले तीन करोड़ से ज्यादा

### 87 खिलाड़ियों की चमकी किस्मत, 30 विदेशी खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। महिला प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर में हुई। भारत की स्मृति मंधाना सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। उन्हें आरसीबी ने 3.40 करोड़ में खरीदा। दूसरे नंबर ऐश्ली गार्डनर रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 3.20 करोड़ रुपये में खरीदा। महंगी खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर नताली साइवर हैं। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 3.20 करोड़ में खरीदा। चौथे नंबर पर भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा रहीं। दीप्ति को यूपी वॉरियर्स ने 2.60 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। अंत में जेमिमा रॉड्रिग्स रहीं। उन्हें 2.20 करोड़ में दिल्ली कैपिट्ल्स ने स्क्वॉड में शामिल किया। हरमनप्रीत कौर मुंबई इंडियंस ने अपना कप्तान नियुक्त किया। वहीं, शेफाली वर्मा को दिल्ली के लिए खेलेंगी। ऋचा घोष और रेणुका ठाकुर आरसीबी के लिए खेलेंगी। याद दिला दें कि महिला प्रीमियर लीग का उद्घाटन संस्करण 4 मार्च से शुरू होगा और फाइनल मैच 26 मार्च को खेला जाएगा। महिला आइपीएल में कुल टीमों की संख्या 5 है। दिल्ली कैपिट्ल्स ने कुल 18 प्लेयर खरीदे। इनमें 6 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। गुजरात जायंट्स ने 18 खिलाड़ियों पर पैसे खर्च किए। इनमें 6 विदेशी खिलाड़ी हैं। मुंबई इंडियंस ने 17 खिलाड़ियों पर दांव लगाया, जिनमें 6 विदेशी खिलाड़ी हैं। आरसीबी ने 18 खिलाड़ी खरीदे, जिनमें 6 विदेशी खिलाड़ी हैं। यूपी वॉरियर्स ने 6 विदेशी खिलाड़ियों सहित 16 खिलाड़ी खरीदे।

**सूजी बेट्स को कोई खरीदार नहीं मिला**

कोमल को आरसीबी ने 25 लाख में खरीदा। परुनिका को गुजरात ने 10 लाख में खरीदा। प्रियंका बाला को 20 लाख में मुंबई ने खरीदा। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स को कोई खरीदार नहीं मिला। हेदर नाइट 40 लाख में आरसीबी के लिए गईं, वहीं विकेटकीपर तानिया भाटिया को दिल्ली ने 40 लाख में खरीदा। एक और भारतीय विकेटकीपर सुषमा वर्मा को गुजरात ने 60 लाख रुपए दिया। उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था।




**पूनम यादव को दिल्ली ने खरीदा**

हेली मैथ्यू को 40 लाख में बिकीं। सुषमा वर्मा को गुजरात जायंट्स ने 60 लाख में खरीदा। अलाना किंग अनसोल्ड रहीं। पूनम यादव को दिल्ली ने 30 लाख में खरीदा। जैश जोनासेन को दिल्ली ने 50 लाख में खरीदा। हर्ले गाला को गुजरात ने 10 लाख में खरीदा। शबनम शकील अनसोल्ड रहीं। स्नेहा दीप्ति को दिल्ली ने 10 लाख में खरीदा। अरुधंति रेड्डी को दिल्ली ने 30 लाख में खरीदा। चोय ट्रॉएन को मुंबई ने 30 लाख में खरीदा। डेन वेन को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा। प्रीति बोस को आरसीबी ने 30 लाख खरीदा। ईश्वरी सवकार अनसोल्ड। सिमरन शेख को यूपी वॉरियर्स ने 10 लाख में खरीदा। अपर्ना मंडल को दिल्ली ने 10 लाख में खरीदा। शिप्रा गिरी को खरीदार नहीं मिले। अश्वनी कुमारी को गुजरात ने 35 लाख में खरीदा। बेस प्राइज 10 लाख। हुमायरा काजी को मुंबई ने 10 लाख में खरीदा।

**एकता बिष्ट अनसोल्ड :** मोनिका पटेल को गुजरात जायंट्स ने बेस प्राइस 30 लाख में खरीदा। गौहर सुल्ताना अनसोल्ड रही। एकता बिष्ट अनसोल्ड रही। प्रीति बोस भी अनसोल्ड रहीं। महिका गौर अनसोल्ड रही। तारा नौरिश को दिल्ली कैपिट्ल्स ने 10 लाख में खरीदा।

## स्पोर्ट्स

### इओन मॉर्गन ने क्रिकेट को अलविदा कहा



**लंदन।** इंग्लैंड को 2019 विश्व कप जिताने वाले कप्तान ऑइन मॉर्गन ने सोमवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। मॉर्गन ने हाल ही में समाप्त हुई एसए20 लीग में पार्ल रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए सात मैच खेले थे। मॉर्गन ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, 'मैं बेहद गर्व के साथ क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करता हूं। काफी सोच-विचार के बाद मेरा मानना है कि अब उस खेल से दूर जाने का सही समय है जिसने बीते वर्षों में इतना कुछ दिया है। साल 2005 में इंग्लैंड आने से लेकर मिडलसेक्स से जुड़ने तक और एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिये खेलने तक, मैंने हमेशा खेल का आनंद लिया।'

### गिल चुने गये जनवरी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को जनवरी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी आंका है। आइसीसी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। महिला क्रिकेटरों में जनवरी की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार इंग्लैंड की ग्रेस स्रिवन्स को दिया गया। गिल ने अपने हमवतन मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे को हराकर यह सम्मान हासिल किया। गिल को चुनिंदा मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स, पूर्व खिलाड़ियों और प्रशंसकों द्वारा किये गये मतदान के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | Classes VI & VII |
|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) ₹ 240 |
| * Mathematics Practical ₹ 60 | · Hindi Vyakaran–I ₹ 60 |
| * Science Practical ₹ 60 | · English Grammar–I ₹ 60 |
| * S. Science Practical ₹ 60 | · Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 |
| * Hindi Vyakaran–I ₹ 60 | |
| * English Grammar–I ₹ 60 | |
| * Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50 | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!